RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-167 | जयपुर, बुधवार, 17 दिसम्बर 2025 | मूल्य-4 रुपये

### जी राम जी बिल पर संसद में संग्राम

## महात्मा गांधी का नाम हटाने पर भड़का विपक्ष, शिवराज बोले- बापू हमारे दिल में

### प्रियंका बोलीं- सरकार को नाम बदलने की सनक

### थरूर ने कहा- राम का नाम बदनाम न करो

नई दिल्ली



वंदे मातरम और एसआईआर के बाद अब रोजगार कानून पर पक्ष-विपक्ष में नई लड़ाई छिड़ गई है। केंद्र सरकार ने लोकसभा में मंगलवार को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन, ग्रामीण (जी रामजी) बिल- 2025 पेश किया।

कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे 20 वर्ष पुराने मनरेगा कानून का आधुनिक विकल्प बताते हुए ग्रामीण विकास के लिए संरचनात्मक सुधार करार दिया, जबकि कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने इसे महात्मा गांधी का नाम हटाने, राज्यों पर बोझ बढ़ाने और रोजगार गारंटी को कमजोर करने की कोशिश बताते हुए तीखा विरोध किया।

गांधी की तस्वीरें लेकर वेल में पहुंचे विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया। वे संसदीय समिति को बिल भेजने की मांग कर रहे थे। तर्क था कि इतना बड़ा बदलाव गहन जांच और व्यापक सहमति के बिना नहीं होना चाहिए। बिल पर विशेष चर्चा बुधवार को संभावित है। इसके पहले लोकसभा में बिल पेश करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बापू हमारे दिल में है।

सरकार उनके सिद्धांतों में विश्वास करती है और उन्हें जमीन पर उतारती भी है। नई व्यवस्था में हर ग्रामीण परिवार को साल में 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी, जो मनरेगा की सौ दिन की गारंटी से अधिक है। उन्होंने तर्क दिया कि यह कानून विकसित भारत-2047 के लक्ष्य के अनुरूप रोजगार के साथ-साथ टिकाऊ ग्रामीण अवसंरचना का निर्माण करेगा। पानी से जुड़े कार्य, गांवों की आधारभूत संरचना, रोजगार आधारित ढांचा और बाढ़-सुखाड़ की मार से निपटना इसकी प्राथमिक होगी।

### 17 दिसंबर को देशभर में विरोध-प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

कांग्रेस ने केंद्र सरकार के नए ग्रामीण रोजगार कानून वीबी-जी राम जी के खिलाफ बुधवार को देशभर में विरोध प्रदर्शन करने का एलान किया है। पार्टी का आरोप है कि यह विधेयक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को खत्म करने की साजिश है और इससे गरीबों का अधिकार छीना जाएगा। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सभी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि बुधवार को हर जिले के मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि इन प्रदर्शनों में महात्मा गांधी की तस्वीरें जरूर रखी जाएं, ताकि गांधीजी के नाम और मूल्यों को मिटाने के प्रयास के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया जा सके।

### 'सबका बीमा, सबकी रक्षा' बिल पारित

*लोकसभा ने 'सबका बीमा, सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन)' विधेयक, 2025 पारित कर दिया है। इसका उद्देश्य तीन मूलभूत कानूनों में संशोधन करके भारत के बीमा क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना है- बीमा अधिनियम, 1938; जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956; बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999। सबसे महत्वपूर्ण प्रावधानः बीमा कंपनियों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को 74% से बढ़ाकर 100% करना, जिससे यह क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के लिए पूरी तरह से खुल जाएगा। लोकसभा में 'सबका बीमा, सबकी रक्षा' (बीमा विधि संशोधन) विधेयक 2025 पर हुई चर्चा का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जवाब दे रही हैं। यह विधेयक सार्वभौमिक बीमा कवरेज और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।*

## आईपीएल ऑक्शन में 77 प्लेयर्स पर 215 करोड़ खर्च, ग्रीन सबसे महंगे बिके




### अनकैप्ड प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा पर सीएसके ने 28 करोड़ खर्च किए

अबु धाबी

आईपीएल 2026 के लिए खिलाड़ियों की मिनी नीलामी पूरी हो गई है। कुल 77 स्थानों के लिए सभी 10 फ्रेंचाइजी ने बोली लगाई। दिलचस्प बात यह है कि सभी 77 स्थान भर लिए गए हैं और सभी टीमें आगामी सीजन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 77 खिलाड़ियों में से कुल 29 विदेशी खिलाड़ी बिके। सभी 10 टीमों ने मिलकर 215.45 करोड़ रुपये खर्च किए। कैमरन ग्रीन इस नीलामी में सबसे ज्यादा कीमत पर बिकने वाले खिलाडी बने। ग्रीन को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा। वहीं, मथिशा पथीराना को केकेआर ने 18 करोड़ रुपये देकर टीम में शामिल कराया।

मिनी नीलामी में सबसे ज्यादा प्रभावित कार्तिक शर्मा और प्रशांत वीर ने किया। ये दोनों आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा कीमत पर बिकने वाले अनकैप्ड खिलाड़ी बने। कार्तिक और प्रशांत को सीएसके ने 14.20 करोड़ रुपये में खरीदा। इन दोनों खिलाड़ियों का आधार मूल्य 30 लाख रुपये था। भरतपुर से निकले 19 वर्षीय कार्तिक और प्रशांत ने इतिहास रच दिया।

आईपीएल नीलामी में जहां कैमरन ग्रीन जैसे खिलाड़ियों के लिए टीमों ने जमकर रुपये खर्च किए तो वहीं कुछ ऐसे भी खिलाड़ी रहे जिन्हें किसी टीम ने नहीं खरीदा। इन खिलाड़ियों ने डेवोन कॉनवे, जैक फ्रेजर मैकगर्क, गेराल्ड कोएट्जे, स्टीव स्मिथ और महीश तीक्ष्णा जैसे खिलाड़ी शामिल रहे। आईपीएल की मिनी नीलामी में कुल 292 खिलाड़ी नहीं बिके।

कैमरन ग्रीन नीलामी में उतरे जिनका आधार मूल्य दो करोड़ रुपये है। ग्रीन को लेने के लिए शुरुआत में मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स में दौड़ रही। बीच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी रुचि जताई। देखते ही देखते ग्रीन की बोली 12 करोड़ रुपये के पार पहुंच गई। फिर सीएसके भी ग्रीन को लेने के लिए नीलामी में उतरा और अब सीएसके तथा केकेआर के बीच उन्हें लेने के लिए होड़ शुरू हुई। हालांकि, ग्रीन को लेने के लिए केकेआर अडिग रहा और टीम ने ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा। वहीं, वेंकटेश अय्यर को आरसीबी ने सात करोड़ रुपये में खरीदा।

## लुधियाना सेंट्रल जेल में झड़प, बंदियों ने अफसर पीटे

लुधियाना

पंजाब में लुधियाना के ताजपुर रोड स्थित सेंट्रल जेल में मंगलवार शाम करीब 7 बजे कैदियों के बीच किसी बात को लेकर झड़प हो गई। इसी दौरान अधिकारी रूटीन चेकिंग के लिए जेल के अंदर पहुंचे, तो कैदियों ने एक पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया गया।

हमले की सूचना मिलते ही जेल सुपरिंटेंडेंट कुलवंत सिद्धू मौके पर पहुंचे और हालात शांत करने की कोशिश की। इसी दौरान एक कैदी ने जेल सुपरिंटेंडेंट के सिर पर ईंट मार दी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डीसीपी सिक्योरिटी जगजीत सिंह के भी घुटने पर चोट लगी है। वह भी अस्पताल में एडमिट हैं।

जेल मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने जेल अधिकारियों से पूरी स्थिति की रिपोर्ट तलब की है। वहीं, पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा समेत वरिष्ठ अधिकारी जेल पहुंचे और हालात पर नजर रखी। उधर, जेल से रिहा होकर बाहर आए एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि एक बैरेक के करीब 200 से 250 कैदियों ने पुलिसवालों पर हमला किया है। यह व्यक्ति किसी केस में अंदर था और उसकी मंगलवार को ही जमानत हुई है।

## एक्सप्रेस-वे पर कोहरे के चलते हादसा, 13 जिंदा जले

मथुरा

यमुना एक्सप्रेस वे पर मंगलवार तड़के घने कोहरे में बलदेव स्थित माइलस्टोन 127 के पास भीषण हादसा हुआ। सात डबल डेकर और एक रोडवेज सहित आठ बसें और तीन कारों की टक्कर के बाद आग लग गई। आठों बसें जलकर राख हो गईं। वहीं चार अन्य डबल डेकर बसें क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में 13 यात्रियों की मौत हो गई जिनमें से अधिकांश जिंदा जल गए। 100 से ज्यादा घायल हैं। कई यात्री बसों में ही कोयले सरीखे बदल गए। 15 दमकलों ने दो घंटे में आग पर बमुश्किल काबू पाया। मृतकों की शिनाख्त के लिए डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। घायलों को मथुरा, वृंदावन



और आगरा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजन को दो-दो लाख, घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। मृतकों में रेलवे बोर्ड के सदस्य भाजपा नेता प्रयागराज निवासी अखिलेंद्र प्रताप यादव भी शामिल हैं।

गाड़ियां धू-धू कर जलने लगीं। घटनास्थल पर मचे कोहराम के बीच आसपास के ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया मगर सफलता नहीं मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे की भयावहता को देखकर एंबुलेंस और दमकलों को बुलाया। करीब एक घंटे के बाद मथुरा, हाथरस और आगरा से दमकलें घटनास्थल पर पहुंची। एंबुलेंस और पुलिस की गाड़ियों से करीब 100 घायलों को मथुरा, वृंदावन और आगरा के अस्पतालों में भेजा गया। निजी बसें गोंडा, जालौन, कानपुर, जौनपुर, हमीरपुर, बहराइच, प्रयागराज से दिल्ली जा रही थी। रोडवेज बस आंबेडकर नगर डिपो की थी जो आंबेडकर नगर से दिल्ली जा रही थी। घटना के बाद एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ, मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह, डीआईजी शैलेश पांडेय, डीएम चंद्रप्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार ने घटनास्थल और अस्पतालों का निरीक्षण किया और इंतजाम करवाए। देर रात तक शवों की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा था।

## गोवा अग्निकांड के आरोपी लूथरा बंधु थाईलैंड से भारत डिपोर्ट

नई दिल्ली

उत्तर गोवा के अर्पोरा नाइटक्लब अग्निकांड मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी गौरव और सौरभ लुथरा को मंगलवार दोपहर दिल्ली लाया गया। इसके बाद गोवा पुलिस ने दोनों भाई को हिरासत में ले लिया है, जिसके बाद अब गोवा पुलिस दोनों लुथरा बंधुओं से पूछताछ करेगी। इसके बाद उन्हें दिल्ली पाटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जाएगा, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई पर फैसला होगा। जांच एजेंसियों का आरोप है कि नाइटक्लब जरूरी फायर सेफ्टी नियमों का पालन किए बिना चलाया जा रहा था, जिसकी वजह से हादसा इतना बड़ा हो गया।

इस मामले में गौरव लुथरा और सौरभ लुथरा के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या और लापरवाही का केस दर्ज किया गया है। बता दें कि गोवा के नाइटक्लब में हुए अग्निकांड मामले में 25 लोगों की जान चली गई थी, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया था। ऐसे में लूथरा बंधुओं 10 दिनों बाद भारत लाना पीड़ितों के परिजनों के लिए बड़ी राहत की खबर है।

इससे पहले मामले में अधिकारियों ने सोमवार को साफ किया था कि गोवा पुलिस थाईलैंड नहीं जा रही है, बल्कि दिल्ली में ही केंद्रीय एजेंसियों से लुथरा बंधुओं की कस्टडी ली जाएगी।

## राजस्थान में एसआईआर लिस्ट जारी, 41.85 लाख वोटर्स के नाम कटे

जयपुर

राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण में जिन वोटर्स के नाम काटे गए हैं, उनकी लिस्ट जारी कर दी गई है। ड्राफ्ट लिस्ट में 41.85 लाख वोटर्स के नाम काटे गए हैं। ड्राफ्ट लिस्ट के साथ एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड और ऑलरेडी एनरोल्ड लिस्ट दी गई है। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट निर्वाचन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है। राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कहा- जिन वोटर्स के नाम हटाए हैं, उन्हें अब कोई नोटिस नहीं दिया जाएगा। अगर उन्हें आपत्ति है तो वे दस्तावेज देकर दावा पेश कर सकते हैं। इसमें परमानेंट शिफ्ट वोटर्स, डेड वोटर्स, एब्सेंट और डुप्लीकेट वोटर के नाम हटाए गए हैं।

### 11 लाख वोटर्स को नोटिस जारी किए जाएंगे

11 लाख वोटर्स की मैपिंग नहीं हुई, उन्हें नोटिस जारी किए जाएंगे। ऐसे वोटर्स दस्तावेज जमा करवाकर नाम जुड़वा सकेंगे। ये ऐसे वोटर्स हैं, जिनके नाम पिछली स्ढ्ढक्र में नहीं थे। दस्तावेज नहीं दे पाए थे। इन्हें अब एसडीएम स्तर से नोटिस जारी किए जाएंगे।

### नए नाम भी जुड़ेंगे

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि सभी वोटर्स को वोटर लिस्ट में अपना नाम जांचने के लिए प्रेरित किया जाए। यदि नाम नहीं है तो नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 के साथ घोषणा-पत्र भरकर जमा कराने के बारे में जानकारी दी जाए। युवा वोटर जो 1 अप्रैल 2026, 1 जुलाई 2026 और 1 अक्टूबर 2026 तक 18 साल के होंगे। उन सभी से भी एडवांस फॉर्म-6 भरकर अपना नाम वोटर लिस्ट में दर्ज करवाने के लिए आवेदन करावें।

### सुनवाई का मौका दिए बिना नाम नहीं हटेंगे

स्ढ्ढक्रके अनुसार- ड्राफ्ट लिस्ट से कोई भी नाम हटाने से पहले संबंधित एसडीएम, तहसीलदार को सुनवाई का मौका देकर लिखित आदेश जारी करने होंगे, जिनके ऊपर कलेक्टर और फिर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के यहां भी अपील कर सकेंगे।

पोलिंग बूथ के पुनर्गठन के बाद 8935 नए बूथ बनाए गए हैं। पहले प्रदेश में पहले 52,201 पोलिंग बूथ थे। अब 61,136 बूथ हो गए हैं।

## रामविलास वेदांती को जल-समाधि

**अयोध्या।** राममंदिर आंदोलन के संत और पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती को मंगलवार शाम अयोध्या में जल-समाधि दी गई। उनके पार्थिव शरीर को 25-25 किलो बालू से भरी 4 बोरियों से बांधा गया। फिर सरयू की बीच धारा में शरीर को प्रवाहित कर दिया गया।

दोपहर 2:20 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकली गई, जो हनुमान गढ़ी और राममंदिर होते हुए सरयू घाट पहुंची। वहां डॉ. रामविलास वेदांती के पार्थिव शरीर को स्नान कराया गया।

## दूषित खून चढ़ाने से 4 बच्चे एचआईवी पॉजिटिव

### 4 महीने बाद भी नहीं मिला डोनर, सभी की उम्र 8 से 11 साल के बीच

सतना

सतना जिला अस्पताल के ब्लड बैंक की लापरवाही से थैलेसीमिया से पीड़ित 4 बच्चों को एचआईवी पॉजिटिव ब्लड चढ़ा दिया गया। मामला चार महीने पुराना बताया जा रहा है, जिसका खुलासा अब हुआ है। चारों बच्चों की उम्र 8 से 11 साल के बीच है। थैलेसीमिया से पीड़ित इन बच्चों को नियमित रूप से ब्लड ट्रांसफ्यूजन की जरूरत पड़ती है। आईसीटीसी में कराई गई जांच में यह सामने आया कि पहले सभी बच्चे एचआईवी नेगेटिव थे, लेकिन बाद की जांच में उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके बाद संक्रमण के सोर्स को लेकर जांच शुरू की गई।

मामले में डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने जांच रिपोर्ट मंगाई है। इस बात की भी जांच कराई जा रही है कि बच्चों को सरकारी अस्पताल के अलावा और कहीं ब्लड ट्रांसफ्यूजन तो नहीं किया गया है।

मामले में 6 सदस्यीय जांच टीम बनाई है। इसमें रीवा के हेल्थ डिपार्टमेंट के रीजनल डायरेक्टर डॉ. सत्या अवधिया, स्टेट ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल की डिप्टी डायरेक्टर रूबी खान, भोपाल एम्स के ब्लड ट्रांसफ्यूजन एक्सपर्ट डॉक्टर रोमेश जैन, बीएमएचआरसी की सीनियर ब्लड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन एंड ब्लड सेंटर अधिकारी डॉ. सीमा नवेद, खाद्य एवं औषधि प्रशासन होशंगाबाद के वरिष्ठ औषधि निरीक्षक संजीव जादौन और ड्रग इंस्पेक्टर प्रियंका चौबे को जांच टीम में शामिल किया गया है।

## हॉस्पिटल में हंगामा, कॉन्स्टेबल-महिला के बीच मारपीट

### आरोप-बेटे को लात-घूसों से पीटा, वार्ड में जाने को लेकर गार्ड से हुआ विवाद

अलवर

अलवर के जिला अस्पताल में सोमवार देर रात करीब 11 बजे मरीज के परिजन और अस्पताल के गार्ड के बीच कहासुनी के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। विवाद बढ़ने पर हॉस्पिटल पुलिस चौकी के कॉन्स्टेबल मौके पर पहुंचे, लेकिन जब हंगामा नहीं रुका तो कोतवाली थाना पुलिस जाब्ते के साथ अस्पताल पहुंची। इस दौरान पुलिस और मरीज के परिजनों के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई। कोतवाली थाने के एएसआई



मोरमुकुट को महिला ने कई बार धक्का मारा। महिला अनुराधा का आरोप था कि पुलिस ने उसके मरीज बेटे को लात-घूंसों से पीटा।

महिला पुलिस मौके पर मौजूद नहीं होने के कारण स्थिति और बिगड़ गई। बाद में थाने से महिला पुलिस को बुलाया गया। पुलिस जब परिजनों को गाड़ी में बैठाने लगी तो एक बार फिर धक्का-मुक्की हुई। अस्पताल में इस तरह का माहौल करीब आधे घंटे तक चलता रहा इसके बाद महिला समेत चार लोगों को थाने ले जाया गया। थाने पहुंचने के बाद महिला और मरीज को छोड़ दिया गया, जबकि दो अन्य व्यक्तियों को बैठा लिया गया।

मरीज की मां अनुराधा का आरोप है कि जब उन्होंने गार्ड से एक बार अंदर जाने देने को कहा तो गार्ड ने मना कर दिया और कहासुनी हो गई।

इस दौरान गार्ड ने उनके देवर की गिरेबान पकड़कर धक्का-मुक्की की और पुलिस को बुला लिया। पुलिस आने के बाद उनके बेटे के साथ लात-घूंसों से मारपीट की गई, जिससे उसे चोटें आईं और खून निकलने लगा।

### पीएम मोदी को मिला इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान, बोले- मेरे लिए सौभाग्य की बात

## भारत-इथियोपिया के रिश्ते हुए मजबूत, आठ समझौतों पर हस्ताक्षर

अदीस अबाबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जॉर्डन का दौरा खत्म कर इथियोपिया पहुंचे। इस दौरान पीएम मोदी ने इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली के साथ बैठक की। पीएम मोदी ने इथियोपियाई पीएम अहमद अली को अपना भाई और दोस्त बताया। इथियोपिया ने प्रधानमंत्री मोदी को अपना सर्वोच्च पुरस्कार- द ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया सम्मान दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी यह पुरस्कार पाने वाले पहले वैश्विक राष्ट्राध्यक्ष हैं। इथियोपिया दुनिया का 25वां देश है, जिसने मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है।



पीएम ने इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान दिए जाने पर कहा, 'आप सभी के बीच इथियोपिया की इस महान भूमि पर होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आज दोपहर मैं इथियोपिया पहुंचा। यहां पहुंचते ही यहां के लोगों ने मुझे अद्भुत आत्मीयता और अपनेपन का अनुभव कराया। प्रधानमंत्री अली मुझे हवाई अड्डे पर लेने आए थे। वे मुझे फ्रेंडशिप पार्क और विज्ञान संग्रहालय लेकर गए। यहां नेतृत्व से मेरी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।'

प्रधानमंत्री मोदी ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के बाद कहा कि भारत और इथियोपिया अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला दोनों देशों के रिश्तों में नई ऊर्जा, नई गति और नई गहराई लाएगा। बातचीत में अर्थव्यवस्था, तकनीक, रक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, क्षमता निर्माण और बहुपक्षीय सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत को इथियोपिया के समर्थन के लिए प्रधानमंत्री अली का आभार भी जताया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और इथियोपिया के बीच हजारों वर्षों से संपर्क, संवाद और सांस्कृतिक आदान-प्रदान रहा है। दोनों देश भाषाओं और परंपराओं से समृद्ध हैं और विविधता में एकता के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि दोनों लोकतांत्रिक शक्तियां हैं, जो शांति और मानव कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्लोबल साउथ के साझेदार के रूप में भारत और इथियोपिया अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं।

इस मौके पर दोनों देशों के बीच आठ अहम समझौते और करार हुए। इनमें रिश्तों को रणनीतिक साझेदारी में अपग्रेड करना, सीमा शुल्क सहयोग, इथियोपिया के विदेश मंत्रालय में डेटा सेंटर की स्थापना, संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन प्रशिक्षण, जी20 के तहत कर्ज पुनर्गठन, आईसीसीआर छात्रवृत्तियों की संख्या बढ़ाना, इथियोपियाई छात्रों के लिए एआई शॉर्ट कोर्स और मातृ व नवजात स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग शामिल है।

## विदेश यात्रा पर लंदन गए राहुल गांधी.... वहां से जर्मनी जाएंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार सुबह करीब 3:20 बजे नई दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे से लंदन के लिए रवाना हुए। वे बाद में जर्मनी जाएंगे, जहां 17 दिसंबर को बर्लिन में सांसदों और भारतीय प्रवासी समुदाय से उनकी मुलाकात होनी है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी के दौरे पर रहने वाले है। वहां वे जर्मन सरकार के अफसरों और भारतीय समुदाय से मुलाकात करने वाले है। राहुल गांधी का पिछले 6 महीनों में यह 5वां विदेश दौरा है। इससे पहले जुलाई से लेकर सितंबर के बीच वे लंदन, मलेशिया, ब्राजील, कोलंबिया की यात्रा पर गए थे। राहुल गांधी 17 दिसंबर को बर्लिन में होने वाले इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईओसी) के कार्यक्रम में शामिल होने वाले है। यहां वे यूरोप के विभिन्न देशों से आए आईओसी के नेताओं से मुलाकात करने वाले है। आईओसी ने इस दौरे को पार्टी के वैश्विक संवाद को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल बताया है। इस दौरान यूरोप में आईओसी के लोकल ब्रांच के सभी प्रमुख एनआरआई मुद्दों, कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने और पार्टी की विचारधारा को विस्तार देने की रणनीतियों पर चर्चा करेगी।

## पराली जलाते समय बुजुर्ग किसान की झुलसकर मौत

पुरी (एजेंसी)। ओडिशा के पुरी जिले में धान की पराली जलाते समय 60 वर्षीय किसान की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान गजेंद्र स्वैन के रूप में हुई, जो सुनामुहीन गांव का निवासी था। पुलिस ने बताया कि उसका जला हुआ शव खेत से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चला है कि आग पास के एक खेत में फैल गई, जहां से धान की कटाई अभी बाकी थी। पुलिस ने बताया कि स्वैन (जो अकेला था) ने आग को काबू करने की कोशिश की, लेकिन वह खुद आग की चपेट में आ गया। अधिकारी ने कहा, 卐उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शव लगभग 90 प्रतिशत जल गया था।

## पूर्वी दिल्ली के मंदिर में महिला की चाकू मारकर हत्या

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्वी दिल्ली के मानसरोवर पार्क इलाके में एक मंदिर के अंदर हुई 48 वर्षीय महिला की हत्या से सनसनी मच गई है। मानसरोवर पार्क इलाके में डीडीए फ्लैट परिसर में स्थित एक मंदिर के अंदर, रविवार को दोपहर करीब 12 बजे हुई। पीड़िता कुसुम शर्मा (48), मानसरोवर पार्क निवासी। महिला मंदिर में पूजा कर रही थी, तभी उस पर चाकू से हमला किया गया। पीड़िता के सिर और शरीर के ऊपरी हिस्से पर चाकू के कई घाव थे। उन्हें गुरु तेग बहादुर अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना के बाद दिन में ही मुख्य आरोपी आंचल सक्सेना नामक महिला को गिरफ्तार कर लिया। अपराध में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद कर लिया गया है। शुरुआती सूचना में बताया गया था कि दो लोगों ने महिला पुजारी पर हमला किया था। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि हिरासत में ली गई महिला सहित दो लोगों ने शर्मा पर बार-बार चाकू से हमला किया। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह पुरानी दुश्मनी का मामला प्रतीत होता है। शाहदरा जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रशांत गौतम ने बताया कि मामले की जांच के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। पुलिस हमलावरों की गतिविधियों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## राजस्थान के मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर की करानी पड़ी आपात लैंडिंग

आगरा (एजेंसी)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का हेलीकॉप्टर सोमवार को मौसम खराब होने के कारण आगरा के खेरिया हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। अपर जिलाधिकारी (प्रोटोकॉल) प्रशांत तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री शर्मा हेलीकॉप्टर से राजस्थान के भरतपुर जा रहे थे, लेकिन खराब मौसम के कारण पायलट को हेलीकॉप्टर को आगरा की ओर मोड़ना पड़ा। हेलीकॉप्टर ने जयपुर से उड़ान भरी थी। अधिकारियों के अनुसार, हेलीकॉप्टर दोपहर करीब साढ़े 12 बजे खेरिया हवाई अड्डे पर उतरा, जहां मुख्यमंत्री को लगभग एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा। तिवारी ने बताया कि मौसम में सुधार होने के बाद हेलीकॉप्टर ने भरतपुर के लिए यात्रा फिर से शुरू की। राजस्थान के भरतपुर और उत्तर प्रदेश के आगरा के बीच करीब 60 किलोमीटर की दूरी है और दोनों की सीमाएं आपस में सटी हुई हैं।

## दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में घने कोहरे के कारण 61 उड़ानें रद्द

नई दिल्ली (एजेंसी)। सोमवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में घने कोहरे की चादर छाने के कारण कम दृश्यता के चलते 61 उड़ानें रद्द हुई, जबकि 400 से अधिक उड़ानें विलंबित हुईं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सुबह 7:05 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 454 था, जो गंभीर श्रेणी में आता है। घने कोहरे के कारण दिल्ली जाने वाली करीब पांच उड़ानों का मार्ग बदला गया है। अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी का अंतिम चरण के लिए दिल्ली आगमन विलंबित हो गया है, क्योंकि घने कोहरे के कारण मुंबई से उनकी उड़ान स्थगित कर दी गई थी। इससे पहले, दिल्ली हवाई अड्डे ने सोमवार, 15 दिसंबर की सुबह यात्रियों के लिए यात्रा संबंधी सलाह जारी की थी, जिसमें उड़ान संचालन में व्यवधान की चेतावनी दी गई थी। ताजा अपडेट के लिए, यात्रियों को अपनी संबंधित एयरलाइन से संपर्क करने की सलाह दी जाती है। असुविधा के लिए हमें खेद है। एयरलाइन ने पोस्ट में कहा कि दिल्ली में कम दृश्यता और कोहरे के कारण उड़ानों के समय पर असर पड़ेगा। हम मौसम पर कड़ी नज़र रख रहे हैं और आपको सुरक्षित और सुगम तरीके से आपके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

## 6.26 करोड़ मूल्य की 15 मीट्रिक टन लाल चंदन की लकड़ी जब्त, चार गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने 6.26 करोड़ रुपए मूल्य की 15 मीट्रिक टन लाल चंदन की लकड़ी जब्त की है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक आरोपियों की योजना लाल चंदन का अवैध रूप से निर्यात करने की थी। मंत्रालय ने बताया कि लाल चंदन की लकड़ियां विभिन्न गोदामों से जब्त की गईं और इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है। विदेशी व्यापार नीति के तहत लाल चंदन के निर्यात पर बैन लगा है।

# प्रियंका गांधी और प्रशांत किशोर की मुलाकात से राजनीतिक गलियारे में हलचल

### – प्रशांत किशोर के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलों को फिर से मिली हवा

**पटना (एजेंसी)।** जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर द्वारा कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की खबर के बाद बिहार के राजनीतिक गलियारे में हलचल मची है। दरअसल सियासी गलियारों में यह मुलाकात प्रशांत किशोर के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलों को फिर से हवा दे रही है। मालूम हो कि बिहार विधानसभा चुनाव में जन सुराज पार्टी के असफल प्रदर्शन के बाद चुनावी रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर (पीके) की रणनीति पर काफी सवाल उठे। चुनावों के तुरंत बाद पीके ने इस करारी हार की जिम्मेदारी ली और फिर से कोशिश में जुटने का वादा किया था। इसके बाद से उन्होंने मीडिया से दूरी बना ली। लेकिन एक बार फिर से वे सुर्खियों में आ गए हैं। पीके ने कल कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की। दिल्ली में हुई इस बैठक ने सियासी गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। ख़ास बात ये है कि दिल्ली में हुई यह मुलाकात तीन साल के गहरे राजनीतिक दूरी के बाद हुई है, जब प्रशांत किशोर और कांग्रेस के बीच पुराना संवाद रुका हुआ था। अब इस मुलाकात के बाद सवाल उठाया जा रहा है कि क्या प्रशांत किशोर कांग्रेस में शामिल होकर एक बड़ा राजनीतिक कदम उठाना चाहते हैं या यह सिर्फ सियासी बातचीत का हिस्सा है। हालांकि इस बैठक का समय और तरीका दोनों ही चर्चा का विषय बने हुए हैं। बताया जा रहा है कि यह मुलाकात करीब दो घंटे तक चली, जिसमें दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक हालात और भविष्य की संभावनाओं पर बातचीत हुई। इस मुलाकात के बाद सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि क्या प्रशांत किशोर कांग्रेस में शामिल होंगे? क्या वे कांग्रेस के साथ किसी तरह का राजनीतिक तालमेल या गठबंधन कर सकते हैं? खासकर तब, जब हालिया बिहार विधानसभा चुनाव में जनसुराज का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा और पार्टी खाता तक नहीं खोल पाई। वहीं कांग्रेस की स्थिति भी बेहद कमजोर रही और पार्टी सिर्फ 6 सीटों पर सिमट गई। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनावी नतीजों के बाद दोनों ही पक्ष नए सिरे से रणनीति तलाश रहे हैं। ऐसे में पीके और प्रियंका गांधी की यह मुलाकात महज शिष्टाचार नहीं, बल्कि भविष्य की किसी बड़ी राजनीतिक योजना का संकेत भी हो सकती है। वैसे यह पहली बार नहीं है जब प्रशांत किशोर और कांग्रेस को लेकर अटकलें तेज हुई हों। दरअसल, प्रशांत किशोर और कांग्रेस के बीच संबंध इस बैठक से ही शुरू नहीं हुए हैं। लगभग 4 साल पहले कांग्रेस ने उन्हें पार्टी में शामिल होने का प्रस्ताव दिया था। उस समय प्रशांत किशोर ने खुद खुलासा किया था कि सोनिया गांधी ने उन्हें पार्टी के लिए एक प्रेजेंटेशन देने के लिए बुलाया था। उन्होंने बताया था कि करीब 9 घंटे तक उन्होंने अपना विजन और रणनीति पेश की थी, जिसमें राहुल गांधी भी मौजूद थे और अधिकांश सुझावों से सहमत थे। हालांकि पीके ने कांग्रेस में शामिल न होने की वजह भी स्पष्ट की थी। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस नेतृत्व उनके प्लान को जमीन पर उतारने के लिए तैयार नहीं था, इसलिए उन्होंने सोनिया गांधी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। पीके का यह भी कहना था कि उनके पास कोई राजनीतिक विरासत नहीं है, इसलिए वे किसी एक व्यक्ति या विचारधारा से बंधकर राजनीति नहीं करना चाहते। अब एक बार फिर पीके और प्रियंका गांधी की मुलाकात ने पुराने सवालों को जिंदा कर दिया है। क्या यह



बातचीत सिर्फ विचार-विमर्श तक सीमित थी या आने वाले दिनों में बिहार की राजनीति में कोई नया समीकरण देखने को मिलेगा, इस पर सभी की नजर टिकी हुई है। प्रशांत किशोर की बात करें तो उनका राजनीतिक सफर अक्सर बदलावों और नई दिशाओं को अपनाने वाला रहा है- जिसका श्रेय उन्हें रणनीतिक सोच और जन संपर्क क्षमता के रूप में दिया जाता है। प्रशांत किशोर भारतीय राजनीति में एक जाने-माने चुनावी रणनीतिकार हैं, जिन्होंने कई राजनीतिक दलों के लिए चुनावी रणनीति तैयार की है।

## जमीन के बदले नौकरी मामले में लालू परिवार की सुनवाई फिर टली

### –अब अगली सुनवाई में सीबीआई दाखिल करेगी वेरिफिकेशन रिपोर्ट

नई दिल्ली। जमीन के बदले नौकरी से जुड़े बहुचर्चित मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, पूर्व सीएम राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव, तेज प्रताप यादव और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने की प्रक्रिया फिर टल गई। राउज एवेन्यू कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई की 19 दिसंबर तय की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबक सोमवार को हुई सुनवाई में सीबीआई ने कोर्ट से अतिरिक्त समय की मांग की। सीबीआई ने कहा कि वह 19 दिसंबर तक सभी आरोपियों से जुड़ी विस्तृत वेरिफिकेशन रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल कर देगी। पिछली सुनवाई में भी कोर्ट ने एजेंसी को यही रिपोर्ट जमा करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। इस मामले में सीबीआई ने लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी समेत कुल 103 लोगों को आरोपी बनाया है। हालांकि, एजेंसी ने अदालत को बताया कि इनमें से चार आरोपियों की मौत हो चुकी है। इसी वजह से कोर्ट यह स्पष्ट करना चाहती है कि कौन-कौन आरोपी जीवित हैं और किनके खिलाफ आगे कानूनी कार्रवाई संभव है। इससे पहले 11 दिसंबर को राउज एवेन्यू कोर्ट ने आरोप तय करने की सुनवाई को 15 दिसंबर तक टाल दी थी। उस समय कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया था कि वह सभी आरोपियों की वर्तमान स्थिति से संबंधित विस्तृत वेरिफिकेशन रिपोर्ट पेश करे। वहीं 8 दिसंबर को कोर्ट ने सीबीआई को दो दिन का अतिरिक्त समय भी दिया था, ताकि एजेंसी यह साफ कर सके कि किन आरोपियों का निधन हो चुका है और किनके खिलाफ मामला आगे बढ़ाया जा सकता है। सीबीआई ने दाखिल चार्जशीट में गंभीर आरोप लगाए हैं। एजेंसी का कहना है कि इस मामले में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। रेलवे में नौकरी दिलाने के बदले उम्मीदवारों और उनके परिजनों से जमीन ली गई। चार्जशीट में यह भी कहा गया है कि जमीन की खरीद से जुड़े ज्यादातर लेन-देन नकद में हुए जबकि कुछ मामलों में केवल सेल डीड ही मौजूद हैं। सीबीआई ने इस मामले में आरोप तय करने की मांग की है।

## नितिन नबीन की नियुक्ति पर कांग्रेस का तंज... रिमोट कंट्रोल शाह के हाथ में रहेगा

**नई दिली (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी ने नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर तंज कस कंस दिया हैं। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आरोप लगाया है कि यह नियुक्ति केवल सांकेतिक है, और पार्टी की असली बागडोर (रिमोट कंट्रोल) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाथों में ही रहेगी। कार्यकारी अध्यक्ष का पदनाम भाजपा का एक सांकेतिक शब्द है। इसका अर्थ है कि गैर-कार्यकारी केंद्रीय गृह मंत्री भाजपा अध्यक्ष को नियंत्रित करते हैं। यह नियुक्ति बिना चुनाव के की गई है। कांग्रेस नेता खेड़ा ने आरोप लगाया कि पहले भी ऐसा ही होता आया है, जब नड्डा (पूर्व अध्यक्ष) घूमते-फिरते थे, लेकिन प्रमुख निर्णय अमित शाह लेते थे, और अब भी ऐसा ही होगा। बिहार के पांच बार के विधायक नितिन नबीन ने सोमवार को दिल्ली पहुंचकर भाजपा मुख्यालय में अपने आधिकारिक दायित्वों का कार्यभार संभाला। उन्होंने अपनी राष्ट्रीय भूमिका



का श्रेय बिहार और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के आशीर्वाद को दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन को स्वीकार किया। दिल्ली रवाना होने से पहले, नबीन ने पटना के महावीर मंदिर का दौरा किया और अपने पिता, दिवंगत वरिष्ठ भाजपा नेता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। नबीन ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने हमेशा कार्यकर्ताओं को सीखने, काम करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है।

# कैश कांड मामला: जस्टिस यशवंत वर्मा को जवाब के लिए 6 हफ्ते का दिया अल्टीमेटम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में अपने खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्ताव के बाद जस्टिस यशवंत वर्मा ने आरोपों पर जवाब देने के लिए अतिरिक्त समय मांगा है। कैश कांड की जांच के लिए गठित संसदीय समिति ने उन्हें 6 सप्ताह का और समय देने का फैसला किया है। हालांकि समिति ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि इसके बाद किसी भी तरह का समय विस्तार नहीं दिया जाएगा। माना जा रहा है कि जनवरी 2026 के अंतिम सप्ताह में इस मामले में आगे की कार्यवाही शुरू हो सकती है।

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने 12 अगस्त को इस जांच समिति का गठन किया था। जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के समर्थन में लाए गए प्रस्ताव पर 146 सांसदों के हस्ताक्षर थे। इसके समानांतर तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की ओर से भी एक अलग समिति गठित की गई थी। दोनों ही समितियों ने जस्टिस वर्मा के उस दावे को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें बदनाम करने के इरादे से नकदी रखी गई थी। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अरविंद कुमार की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय समिति इस पूरे मामले की जांच कर रही है। समिति ने जस्टिस वर्मा से उन पर लगे आरोपों को लेकर लिखित जवाब मांगा था। 5 दिसंबर को हुई कार्यवाही के दौरान जस्टिस वर्मा ने समिति से 8 सप्ताह का अतिरिक्त समय देने का अनुरोध किया था, लेकिन समिति ने विचार-विमर्श के बाद उन्हें केवल 6 सप्ताह का अंतिम अवसर देने का निर्णय लिया।

जांच समिति ने आरोपों के समर्थन में सबूतों के साथ मेमो ऑफ चार्जेस भी दाखिल किया है। इसमें दिल्ली पुलिस और अग्निशमन विभाग द्वारा 14 और 15 मार्च की रात आग बुझाने के दौरान बनाए गए वीडियो, प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बयान और अन्य दस्तावेज शामिल हैं। इन सबूतों के आधार पर समिति ने आरोपों को गंभीर माना है। लोकसभा स्पीकर द्वारा गठित समिति की कार्यवाही के दौरान जस्टिस वर्मा को अपना पक्ष रखने, आरोपों पर सफाई देने और अपने पक्ष में गवाह पेश करने का पूरा अवसर दिया जाएगा। हालांकि सदन की समिति पहले ही जस्टिस वर्मा की इस दलील को अस्वीकार कर चुकी है कि कैश उन्हें बदनाम करने के उद्देश्य से रखा गया था। समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रत्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक और विशेषज्ञों के सबूत यह साबित करते हैं कि नई दिल्ली स्थित 30 तुगलक क्रीसेंट के स्टोररूम में नकदी मौजूद थी। रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को केंद्रीय फॉरेंसिक प्रयोगशाला द्वारा प्रमाणित किया गया है। पैनल ने यह भी दर्ज किया कि 15 मार्च की सुबह जले हुए 500 रुपये के नोटों की गड्डियों को 'भरोसेमंद नौकरों' की मदद से साफ किया गया था और यह पूरी प्रक्रिया जस्टिस वर्मा के निजी सचिव की मौजूदगी में हुई। लोकसभा द्वारा गठित समिति में सुप्रीम कोर्ट के जज अरविंद कुमार, मद्रास



हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और वरिष्ठ अधिवक्ता बीवी आचार्य शामिल हैं। वहीं, 22 मार्च को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा गठित समिति में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अनु शिवरमन को शामिल किया गया था।

# विधायक ने कहा- प्रियंका गांधी को सौंपें लीडरशिप, कांग्रेस ने दिखा दिया बाहर का रास्ता

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी ने पूर्व विधायक मोहम्मद मुकीम को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। यह कार्रवाई उनके उस पत्र के बाद हुई है जिसमें उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर गंभीर सवाल उठाए थे। मुकीम ने राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को पत्र लिखकर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की उम्र पर टिप्पणी की थी और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को प्रमुख नेतृत्व भूमिका देने की मांग की थी। ओडिशा प्रदेश इकाई की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि केंद्रीय नेतृत्व ने मुकीम को पार्टी से निकालने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

मुकीम बाराबती-कटक से पूर्व विधायक हैं और खुद को कांग्रेस का आजीवन समर्पित कार्यकर्ता बताते हैं। उनकी बेटी वर्तमान में विधायक हैं। हाल ही में एक साक्षात्कार में मुकीम ने कहा कि पार्टी मुश्किल दौर से गुजर रही है और नए नेतृत्व की जरूरत है। उन्होंने खरगे की 83 वर्ष की उम्र का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्ष की प्रमुख पार्टी के नेता के रूप में आवश्यक मेहनत, दौड़-भाग और लोगों से जुड़ाव संभव नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि खरगे सलाहकार की भूमिका निभाएं और किसी युवा नेता को आगे लाएं। मुकीम ने प्रियंका गांधी सहित अन्य



युवा नेताओं की तारीफ की और कहा कि राहुल गांधी अपनी भूमिका अच्छे से निभा रहे हैं, लेकिन पार्टी को मजबूत करने के लिए सक्रिय नेतृत्व चाहिए। यह अपील उन्होंने कांग्रेस के सच्चे कार्यकर्ता के रूप में सोनिया गांधी से की।

मुकीम के पत्र में पार्टी नेतृत्व और जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच बढ़ती दूरी पर कड़ी चिंता जताई गई थी। उन्होंने दावा किया कि खुद तीन वर्षों से राहुल गांधी से मिलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिली। पत्र में ज्योतिरादित्य सिंधिया, मिलिंद देवड़ा और हिमंत बिस्वा सरमा जैसे युवा नेताओं के पार्टी छोड़ने का उदाहरण दिया गया, जिन्होंने खुद को उपेक्षित महसूस किया। मुकीम ने सुझाव दिया कि प्रियंका गांधी को केंद्रीय और सक्रिय भूमिका संभालनी चाहिए तथा सचिन पायलट, डी.के. शिवकुमार, ए. रेवंत रेड्डी और शशि थरूर जैसे नेताओं को मुख्य नेतृत्व टीम का आधार बनना चाहिए।

उन्होंने पार्टी की स्थिति पर गहरा दुख व्यक्त किया कि उसकी मौजूदगी भौगोलिक, संगठनात्मक और भावनात्मक स्तर पर सिमटती जा रही है। समर्पित कार्यकर्ताओं के लिए यह निराशाजनक और दिल तोड़ने वाली है। मुकीम ने बिहार, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र तथा जम्मू-कश्मीर के हालिया चुनाव परिणामों को केवल हार नहीं, बल्कि गहरे संगठनात्मक अलगाव का संकेत बताया। इन चुनावों में पार्टी को भारी अंतर से पराजय मिली थी। उन्होंने नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के बीच दूरी बढ़ने की बात दोहराई और कहा कि विधायक रहते हुए भी वे राहुल गांधी से नहीं मिल पाए। सोनिया गांधी को लिखे पत्र में मुकीम ने स्पष्ट किया कि यह कोई व्यक्तिगत शिकायत नहीं, बल्कि पूरे देश के कार्यकर्ताओं द्वारा महसूस किए जा रहे भावनात्मक अलगाव का संकेत है। उन्होंने पार्टी को मजबूत करने के लिए गहन संरचनात्मक, संगठनात्मक और वैचारिक नवीनीकरण की जरूरत पर जोर दिया। यह घटना पार्टी के अंदरूनी मतभेदों को उजागर करती है और नेतृत्व परिवर्तन की मांग को बल देती है। मुकीम की यह अपील पार्टी के भविष्य और युवा नेतृत्व की भूमिका पर व्यापक बहस छेड़ सकती है।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर कोहरा बना काल... अलग-अलग हादसों में चार लोगों की मौत

### –मरने वालों में एक सीआईएसएफ का सब इंस्पेक्टर भी शामिल

**फरीदाबाद (एजेंसी)।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सोमवार को घने कोहरे ने कहर बरपा दिया। फरीदाबाद और नूंह जिलों में अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में चार लोगों की मौत। कई वाहन आपस में टकराए और दस से अधिक लोग घायल हो गए। मरने वालों में एक सीआईएसएफ का सब इंस्पेक्टर भी शामिल है।

सोमवार सुबह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर घना कोहरा हादसों का कारण बना। दृश्यता बेहद कम होने से वाहन चालकों को आगे का रास्ता नहीं दिखा और एक के बाद एक टक्कर होती चली गई। फरीदाबाद के कैल गांव के पास दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए। हादसा इतना भीषण था कि कार में सवार तीन लोगों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया। मृतकों में एक की पहचान संदीप कुमार निवासी जयपुर के



रूप में हुई है, जबकि दूसरे मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस स्थान के पास कुछ ही देर बाद दूसरा हादसा भी हुआ। एक कैंटर में पीछे से क्रेटा गाड़ी जा टकराई। गनीमत रही कि क्रेटा चालक बाल-बाल बच गया, लेकिन उसकी गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

जिला नूंह में भी कोहरे ने बड़ा हादसा करा दिया। सुबह करीब चार बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर करीब 30 वाहन आपस में भिड़ गए। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दस से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को जिला के राजकीय अस्पताल मांडीखेड़ा में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

मरने वालों में सीआईएसएफ के सब इंस्पेक्टर हरीश कुमार निवासी अलवर और जयपुर निवासी कारोबारी खलील अहमद शामिल हैं। कुछ स्थानों पर ट्रक पलटने की भी सूचना है, जिससे यातायात काफी देर तक बाधित रहा। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस और एम्बुलेंस के देरी से पहुंचने का आरोप लगाया।

# दुनिया भर में चुनाव और राजनीतिक उथल-पुथल: कई देशों में जनता ने तख्ता पलटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2025 का साल दुनिया के कई देशों के लिए राजनीतिक उतार-चढ़ाव और महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आया। साल के अंत तक कई देशों में चुनाव संपन्न हो चुके हैं। कुछ देशों में जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से सरकार चुनी, जबकि अन्य जगहों पर गंभीर संकट और विरोध-प्रदर्शन के बाद सत्ता में बदलाव हुआ। इस साल वैश्विक राजनीति में कई बार तनावपूर्ण हालात बने, और कुछ देशों में चुनाव के बाद हिंसा भी भड़की। आइए जानते हैं कि 2025 में किन देशों में चुनाव हुए और उनके नतीजों के बाद क्या परिस्थितियां बनीं। तंजानिया में 20 अक्टूबर को आम चुनाव आयोजित हुए, जिसमें सामिया सुलुह हसन ने दूसरी बार राष्ट्रपति पद संभाला। हालांकि, चुनाव के बाद हिंसा भड़की, जिसमें करीब 700 लोगों की मौत की खबरें आईं। कैमरून में 12 अक्टूबर को चुनाव हुआ, जिसमें मौजूदा राष्ट्रपति पॉल बिया फिर से सत्ता में लौटे।

कनाडा में 28 अप्रैल को संघीय चुनाव संपन्न हुआ। इसमें मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी ने जीत हासिल की, और वह फिर से प्रधानमंत्री बने। यह स्थिति उस समय बनी जब जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद कार्नी प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया में 3 मई को चुनाव हुआ, जिसमें लेबर पार्टी ने जीत हासिल की और एंथनी अल्बनीज फिर से प्रधानमंत्री बने। जर्मनी में 23 फरवरी को चुनाव संपन्न हुए, जिसमें फ्रेडरिक मर्ज की पार्टी क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) ने 20.8 फीसदी वोटों के साथ जीत हासिल की। बेलारूस में 26 जनवरी को हुए चुनाव में अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने लगातार सातवीं बार जीत दर्ज की। उन्हें 86.8 फीसदी वोट मिले, हालांकि चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठाए गए।

मिस्र में चुनाव दो चरणों में हुए; पहला चरण 10-11 नवंबर और दूसरा 24-25 नवंबर को संपन्न हुआ, लेकिन अभी तक नतीजा घोषित नहीं हुआ है। फिलिपींस में 12 मई को मिडटर्म चुनाव संपन्न हुए, जबकि देश का आम चुनाव 2028 में होगा। अर्जेंटीना में इस साल मिडटर्म चुनाव हुए, जिसमें राष्ट्रपति जाविएर मिलेई की पार्टी ला लिबरटेड अवांजा (एलएलए) ने बड़ी जीत दर्ज की। जापान के निचले सदन में जुलाई में चुनाव हुआ, जिसमें सत्ताधारी पार्टी एलडीपी को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद शिगेरु इशीबा ने अपने पद से इस्तीफा दिया और एलडीपी से साने ताकाइची को बहुमत के साथ प्रधानमंत्री चुना गया।

नेपाल में जेन जेड के हिंसक प्रदर्शन के बाद केपी ओली की सरकार गिर गई। इसके बाद सुशीला कार्की की अंतरिम सरकार ने जिम्मेदारी संभाली। यहां अगले साल मार्च में आम चुनाव आयोजित होने की संभावना है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव 2024 में संपन्न हुआ था, लेकिन इस साल जनवरी में डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के खिलाफ कयास लगाए गए थे कि 2025 में आम चुनाव हो सकता है, लेकिन यहां आम चुनाव फरवरी 2026 में निर्धारित है। साल 2025 ने साबित किया कि दुनिया के कई देशों में लोकतंत्र और सत्ता परिवर्तन अभी भी चुनौतीपूर्ण और तनावपूर्ण परिस्थितियों में होता है। चुनाव के नतीजे कभी शांतिपूर्ण




बदलाव लाते हैं, तो कभी हिंसा और प्रदर्शन को जन्म देते हैं। इस साल के घटनाक्रम ने वैश्विक राजनीति में निरंतर बदलते परिदृश्य और जनता की सक्रिय भूमिका को स्पष्ट रूप से उजागर किया।

# शाहपुरा जिला अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर का शिलान्यास, निर्माण व उपकरणों हेतु 3.07 करोड़ की राशि स्वीकृत

## आपात चिकित्सा सुविधाओं को मिलेगी मजबूती, मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अंतर्गत मिली स्वीकृति

स्मार्ट हलचल| शाहपुरा

विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने बुधवार को राजकीय जिला अस्पताल, शाहपुरा परिसर में प्रस्तावित ट्रॉमा सेंटर का विधिवत शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया। यह ट्रॉमा सेंटर क्षेत्र में आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि इस ट्रॉमा सेंटर की स्वीकृति मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा बजट घोषणा के अंतर्गत प्रदान की गई थी। इसके निर्माण कार्य हेतु 2 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है, जबकि अत्याधुनिक मशीनरी एवं चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए 1 करोड़ 7 लाख की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई है।

इस अवसर पर विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने कहा कि ट्रॉमा सेंटर के निर्माण से सड़क दुर्घटनाओं एवं अन्य गंभीर आपात स्थितियों में मरीजों को त्वरित, प्रभावी और बेहतर उपचार उपलब्ध हो सकेगा। इससे



क्षेत्रवासियों को गंभीर परिस्थितियों में बड़े शहरों की ओर रेफर होने की आवश्यकता कम होगी और समय पर उपचार से अनेक जानें बचाई जा सकेंगी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और मजबूती के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, जिला मंत्री राजेन्द्र बोहरा, जिला मीडिया सहसंयोजक मोनू सुरेश छीपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सुगंधी, पूर्व चेयरमैन कन्हैया लाल धाकड़, सहित बालाराम, रमेश मारू, नरेश व्यास, राजाराम, जितेंद्र, मुकेश, कैलाश धाकड़, महावीर सैनी, शारदा सोनी, सुनीता बलाई, सोनाली पोरवाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सा विभाग के अधिकारी डॉ अशोक जैन ओम प्रकाश शर्मा, कैलाश चंद्र गोठवाल , जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह में ट्रॉमा सेंटर के शीघ्र निर्माण एवं संचालन को लेकर उत्साह एवं संतोष का माहौल देखने को मिला।

# एनडीपीए के दोषी को 12 वर्ष की कठोर कैद और 20 हजार जुर्माने की सजा

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



2019 के एक एनडीपीएस एक्ट मामले में एनडीपीएसटी कोर्ट के विशिष्ट न्यायाधीश जगदीश प्रसाद शर्मा ने अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी को 12 साल कठोर कारावास और 20 हजार रु जुर्माने से दंडित किया । विशिष्ट लोक अभियोक रामस्वरूप गुर्जर ने आरोप सिद्ध करने के लिए 12 गवाह और 93 दस्तावेज पेश किए । ट्रायल पूरा होने के बाद आरोपित लाल सिंह पिता नगर सिंह राजपूत अनेड सिंगोली नीमच को सजा सुनाई । मामला 20 जून 2019 का है जब मांडलगढ़ थाने में रतनलाल थानाप्रभारी थे और वह टीम बनाकर गश्त पर निकले थे और लाडपुरा के सामने नाकाबंदी लगाई इस दौरान एक पिकअप आते हुए नजर आई जिसे रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक रोकने के बजाय भागकर ले गया जिसका पीछा कर रुकवाया और पूछताछ की वाहन की तलाशी लेने पर उसमे 11 कट्टो में 200 किलो अवैध डोडा चूरा भरा मिला जिसे पिकअप के साथ पुलिस ने जप्त कर लिया और आरोपित लाल सिंह को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया और जांच पूरी होने के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की लंबे समय तक सुनवाई होने के बाद आरोप सिद्ध हुए और आरोपित को 12 साल कठोर कारावास और 20 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

# जवाजा थानाधिकारी समेत 3 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

## एसीबी और पुलिस टीम में हुई थी झड़प, रिकॉर्डर छीना-थाने में हंगामा

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिले के जवाजा थाने में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम और स्थानीय पुलिसकर्मियों के बीच झड़प हुई। यह घटना एक रिश्वतखोरी के मामले की जांच के दौरान हुई, जिसमें एसीबी की रिपोर्ट के आधार पर थानाधिकारी सहित 3 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, जवाजा थाने में दर्ज एक मामले के आरोपी केसर सिंह ने पुलिस पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत के सत्यापन के लिए एसीबी निरीक्षक कंचन भाटी अपनी टीम के साथ जवाजा थाने पहुंची थीं। शिकायतकर्ता केसर सिंह भी उस समय थाने में मौजूद था।

बताया जा रहा है कि केसर सिंह ने एक कॉन्स्टेबल से हुई बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया था। रिकॉर्डिंग की भनक लगते ही कॉन्स्टेबल अनिल कुमार कथित तौर पर आपा खो बैठा। आरोप है कि उसने केसर सिंह के साथ मारपीट की, रिकॉर्डर छीन लिया और थाने में हंगामा शुरू कर दिया।

शोर-शराबा सुनकर एसीबी



निरीक्षक कंचन भाटी मौके पर पहुंचीं और शिकायतकर्ता को बचाया। इसी दौरान कॉन्स्टेबल अनिल कुमार ने एसीबी अधिकारी से भी कथित तौर पर धक्का-मुक्की की और रिकॉर्डर लेकर थाने से फरार हो गया। इस घटना से पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसीबी की रिपोर्ट के आधार पर जवाजा थाने में ही एक नया प्रकरण दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थानाधिकारी राजेंद्र ताड़ा, कॉन्स्टेबल अनिल कुमार और ड्राइवर रामनाथ को लाइन हाजिर कर दिया गया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि रिकॉर्डर लेकर फरार हुआ कॉन्स्टेबल अनिल कुमार अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जबकि यह मामला सीधे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से जुड़ा हुआ है।




# लोकसभा में सांसद अग्रवाल ने उठाया सूदखोरों के आतंक का मुद्दा

## ‘द रिपीलिंग एंड अमेंडिंग बिल 2025’ का किया समर्थन, 71 पुराने कानूनों को खत्म करने की पहल

## * विपक्ष को आईना दिखाया: कहा- 1975 में संविधान बदलने वाले आज प्रक्रियाओं की दुहाई न दें

### कहा- चेक बाउंस की धारा 138 का हो रहा दुरुपयोग

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा-नई दिल्ली

सांसद दामोदर अग्रवाल ने मंगलवार को लोकसभा में ‘द रिपीलिंग एंड अमेंडिंग बिल 2025’ (कानून संशोधन विधेयक) पर अपना वक्तव्य रखते हुए मोदी सरकार के सुधारों का पुरजोर समर्थन किया। इस दौरान उन्होंने एक बेहद संवेदनशील मुद्दा उठाते हुए कहा कि ‘नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट



एक्ट’ (चेक बाउंस कानून) का आज उपयोग से ज्यादा दुरुपयोग हो रहा है, जिससे गरीब आदमी पिस रहा है।

**सूदखोरों के जाल में फंसा गरीब**

सदन में बोलते हुए सांसद अग्रवाल ने कहा कि सूदखोरों और माफियाओं द्वारा गरीबों की मजबूरी का फायदा उठाया जाता है। लोन के एवज में उनसे खाली चेक और संपत्ति के दस्तावेज ले लिए जाते हैं। बाद में धारा 138 की आड़ में इतना शोषण किया जाता है कि गरीब आत्महत्या करने को मजबूर हो जाता है। उन्होंने समय और परिस्थिति के अनुसार कानूनों में संशोधन को आवश्यक बताया।

**विपक्ष को याद दिलाया आपातकाल**

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सांसद ने विपक्ष के उन आरोपों का भी करारा जवाब दिया, जिसमें बिना प्रक्रिया के कानून पारित करने की बात कही जा रही थी। अग्रवाल ने कहा कि प्रतिपक्षी सांसद इंदिरा गांधी का 1975-76 का कार्यकाल याद करें, जब केवल कानून ही नहीं, बल्कि संविधान में मौलिक परिवर्तन कर धज्जियां उड़ाई गई थीं।

**1562 पुराने कानून हुए खत्म**

सांसद ने बताया कि मोदी सरकार ने पिछले वर्षों में 1562 अप्रचलित कानूनों को निरस्त किया है। मौजूदा विधेयक के जरिए पुराने ट्रामवे, रेलवे कानून और औपनिवेशिक काल की धारा 370 (उत्तराधिकार अधिनियम) जैसे भेदभावपूर्ण प्रावधानों को खत्म किया जा रहा है। इससे ‘ईज ऑफ लिविंग’ और ‘ईज ऑफ डूइंग बिजनेस’ को बढ़ावा मिलेगा।

# बाइक चोर आया पुलिस की गिरफ्तार में, 16 चोरी की मोटर साइकिल बरामद



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

भीलवाड़ा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए प्रतापनगर थाना क्षेत्र में 5 नवंबर 2025 को चोरी हुई हीरो स्पलेण्डर मोटरसाईकिल घटना का खुलासा करते हुए घटना में संलिप्त आरोपी और बाइक चोर दीपक खटीक को गिरफतार कर लिया है । साथ ही आरोपित की निशानदेही पर चोरी हुई मोटरसाईकिल सहित कुल 15 मोटरसाईकिल और भी बरामद की है ।पुलिस थाना प्रतापनगर और डीएसटी टीम ने मोटरसाईकल चोरों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्यवाही की है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा जिले में वाहन चोरी के मामलो में वांछित चल रहे अपराधियो की गिरफ्तारी के लिए पारस जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय भीलवाडा के निर्देशन में एवं सज्जन सिंह वृताधिकारी, वृत शहर भीलवाडा के निकटतम सुपरविजन में राजपाल सिंह पु.नि. थानाधिकारी, थाना प्रतापनगर के नेतृत्व में मय डीएसटी की एक विशेष टीम का गठन किया गया। दिनांक 11.11.2025 को प्रार्थी मुकेश शर्मा पिता गोविन्द शर्मा उम्र 36 साल निवासी संग्रामपुरा थाना बनेडा हाल बाबाधाम के पीछे धनोप वाटर सप्लायर श्यामनगर थाना प्रतापनगर भीलवाड़ा ने एक रिपोर्ट पेश की ओर बताया की 5 दिसम्बर 2025 को उसने उसकी गाडी को सिद्दी प्लाजा के बाहर पार्किंग में खड़ी की उसके बाद जब में वह शाम को पार्किंग में लौटा तो वहां पर उसकी गाडी नहीं मिली। उसके बाद मैंने चारों तरफ गाडी को ढुंढा, लेकिन नही मिलने पर आस पास के सीसीटीवी फुटेज देखे। उसमे एक अंजान व्यक्ति द्वारा उसकी गाडी की रेकी की ओर चोरी करते हुए पाया गया। उसके सीसीटीवी विडियो और फोटो मे उसने पेश किए। पुलिस ने बाइक चोरी का मामला दर्ज कर जांच प्रारम्भ की । मामले में गठित टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज व संदिग्धों से पुछताछ के आधार पर मोटर साईकिल चुराने वाले आरोपी दीपक खटीक उर्फ दीपसा निवासी खटीक मौहल्ला थाना भिनाय जिला अजमेर को गिरफ्तार किया और चोरी की मोटर साईकिल सहित कुल 15 मोटरसाईकिल और बरामद की । टीम में राजपाल सिंह पु.नि. थानाधिकारी, थाना प्रतापनगर, आशीष मिश्रा सउनि साईबर सैल, हैड कॉन्स्टेबल शंभु लाल थाना प्रतापनगर, हैड कॉन्स्टेबल चन्द्रपालसिहं साईबर सैल, दिलिपसिहं विशेष टीम , अनिल कुमार विशेष टीम, दिलिपसिंह विशेष टीम, भुपेन्द्रसिहं विशेष टीम, राधेश्याम विशेष टीम, हरवीर कुमार विशेष टीम( विशेष योगदान), पवन कुमार विशेष टीम ( विशेष योगदान) पवन कुमार( विशेष योगदान), पिन्टु साईबर सैल, राजेश थाना प्रतापनगर, बजरंग थाना प्रतापनगर, नरेन्द्र सिंह जिला विशेष टीम शामिल थे।

# लाडपुरा हाइवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से गौवंश घायल

### आए दिन हो रहे हादसे

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** कोटा चित्तौड़गढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-27 पर स्थित चित्तौड़िया के पुलिया पर मंगलवार दोपहर 3:00 बजे को अज्ञात वाहन ने गौवंश को टक्कर मार दी, जिससे गौवंश घायल हो गई, जिससे ग्रामीणों ने घायल गौवंश को इलाज के लिए लाडपुरा गौशाला में पहुंचाया। अज्ञात वाहन की टक्कर से गौवंश घायल होने के बाद कहीं घंटा तक सड़क पर घायल गौवंश तड़पती रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क किनारे घूम रहे मवेशियों की सुरक्षा के लिए ठोस व्यवस्था की जाए। ग्रामीणों ने बताया कि लाडपुरा कस्बे में कोटा-चित्तौड़गढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग-27 एवं भीलवाड़ा एनएच-758 पर निराश्रित गौवंश और गौवंश को रखने के लिए कोई भी तैयार नहीं है। इसके कारण वह सड़कों पर भटकने को मजबूर है। निराश्रित गौवंश घूमते रहते हैं। लाडपुरा चौराहे के समीप आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगातार दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है। वहीं हाईवे पर मवेशियों की मौजूदगी वाहन चालकों के लिए खतरा बन गया है। लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर आए दिन मवेशियों को



बचाने के चक्कर में वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। हाईवे दोनों टोल रोड कंपनी द्वारा अभी तक इन पशुओं की सुरक्षा या सड़कों से हटाने की कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए। लाडपुरा से रत्याखेड़ा, अमरतिया और चित्तौड़िया मार्गो पर जगह-जगह मवेशियों का जमघट लगा रहता है। मवेशियों के सींगों या गले में रेडियम बेल्ट नहीं लगाए गए हैं, जिससे रात में वाहन चालकों को उन्हें देखना मुश्किल हो जाता है। अमरतिया और चित्तौड़िया क्षेत्र के ग्रामीणों ने कहा कि राजमार्ग किनारे बसे गांवों से पशु अक्सर सड़क पर आ जाते हैं। ग्रामीणों व सामाजिक संगठनों ने हाईवे प्रबंधन, प्रशासन, गौशाला एवं गौसेवकों को मवेशियों के रेडियम लगवाने के साथ ही निराश्रित मवेशियों को गौशालाओं तक पहुंचाने की मांग की है।

# गौवंश के अवशेष मिलने के बाद उपजा तनाव



स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** मांडल थाना क्षेत्र के रूपपुरा गांव में गोवंश के अवशेष मिलने से इलाके में आक्रोश फैल गया । मंगलवार को गांव के बाहर जंगल में अवशेष मिलने की सूचना जैसे ही फैली, बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करने लगे। जानकारी के अनुसार लुहारिया गांव से कुछ दूरी पर स्थित रूपपुरा के बाहरी क्षेत्र में जंगल के पास गोवंश के अवशेष पड़े मिले। घटना की खबर मिलते ही क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने बताया की इस तरह की घटनाएं क्षेत्र में शांति व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयास हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी और अपर पुलिस अधीक्षक राहुल जोशी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ओर प्रशासन के अधिकारी ग्रामीणों को समझाने में जुटे रहे और आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया । क्षेत्र में एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। रात तक कोई सहमति नहीं बनी और ग्रामीणों का प्रदर्शन जारी था।

# खटवाड़ा में गौशाला चंदा विवाद पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन पुलिस पर लगाया गौशाला की रसीद बुक रुपए छीनने का आरोप

स्मार्ट हलचल| खटवाड़ा

कस्बे के ग्रामीणों ने मंगलवार को बीगोद थाना अधिकारी व दो कांस्टेबल के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर सस्पेंड करने की मांग की है। ग्राम वासियों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि पुलिस बजरी माफियाओं से साठ-गांठ करके निर्दोष ग्रामीणों को डराया धमकाया जाता है और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जाती है।

विवाद की वजह-गांव में संचालित मां अचबली गौशाला सेवा समिति के सदस्य गांव में चंदा इकट्ठा कर रहे थे उस समय मौके पर बिगोद



पुलिस का आना हुवा मौके पर मौजूद समिति सदस्यों से गौशाला की रसीद छीन ली थी ।

विवाद असली वजह--क्षेत्र में कई सालों बजरी की एक भी बनास नदी में लीज नहीं है । पुलिस और बजरी माफिया जनप्रतिनिधि साठ-गांठ करके बनास नदी से निरंतर बजरी भर रहे हैं। मां अचबली गौशाला समिति के सदस्य ग्राम वासियों की सहमति से बजरी माफियाओं से चंदा लेना चाह रहे थे विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि बजरी माफियाओं ने इसकी जानकारी पुलिस को दी तब जाकर पुलिस मौके पर पहुंची और विवाद गहरा गया। बजरी माफिया रात होते ही नदी में जेसीबी मशीनों उतार देते हैं पूरी रात नदी में अंधाधुन अवैध खनन बिना रोक-टोक चलता रहता है क्षेत्र में ऐसे आधा दर्जन माफिया सक्रिय समय रहते इन बजरी माफियाओं पर नकेल नहीं कसी गई तो किसी दिन ग्रामीण उग्र हो जाएंगे ग्रामीणों ने तत्काल अवैध बजरी परिवहन पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीण जिला पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई तुरंत की जाए।

# 25 हजार का ईनामी गिरफ्तार

## 4 साल से चल रहा था फरार, हत्या के मामले में था वांछित

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



रायला थाना पुलिस, जिला विशेष टीम और साइबर सैल ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए 4 साल से फरार हत्या के प्रकरण में 25 हजार रूपये के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है । एसपी धर्मेन्द्रसिह भीलवाडा द्वारा ईनामी व वांछित अपराधियों की धरपकड के सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही करने और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए राजेश आर्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा के निर्देशन व जितेन्द्र सिह वृताधिकारी, वृत गुलाबपुरा के निकट सुपरविजन में था प्रभारी मुलचन्द थाना रायला के नेतृत्व में टीम का गठन किया और हत्या के दर्ज प्रकरण में मे 4 साल से फरार चल रहे ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया । 28.08.2022 को प्रार्थी साहिल खान पुत्र लियाकत अली मुसलमान निवासी नरीपुरा थाना मलपुरा जिला आगरा यूपी हाल निवास वर्धमान ईट भट्टा आसीन्द ने रिपोर्ट पेश की जिसमे बताया आरोपी ने उसके भाई के साथ मारपीट कर हत्या कर दी। उक्त रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया । मामले में फरार वांछित ईनामी अपराधी की तलाश के लिए टीम का गठन किया जाकर टीम द्वारा सीसीटीवी फूटेज व तकनीकी आधार पर तलाश करते हुए ईनामी अपराधी लल्लू उर्फ सुवास उर्फ सुभाष पुत्र विशम्बर दयाल ब्राहम्ण उम्र 40 साल निवासी ईस्लामगंज थाना कोतवाली फतेहपुर सीकरी आगरा यूपी को गिरफ्तार किया । आरोपी से पूछताछ जारी है । गठित पुलिस टीम द्वारा 4 साल से फरार आरोपी कि तलाश हेतु एमपी, यूपी, बिहार पहुॅची जहा पर टीम द्वारा आरोपी के सहयोगियो एवं ठिकानो की जानकारी प्राप्त कर परम्परागत पुलिसिंग से तलाश कर आरोपी को डिटेन किया गया। टीम में थानाप्रभारी मुलचन्द वर्मा, आशीष कुमार सउनि प्रभारी अधिकारी साईबर सैल भीलवाडा, हैड कॉन्स्टेबल चन्द्रपालसिह साईबर सैल (विशेष योगदान) कांस्टेबल हेमन्तसिह साईबर सैल, कॉन्स्टेबल दिलीपसिह जिला विशेष टीम, कांस्टेबल अनिल कुमार जिला विशेष टीम, भुपेन्द्र सिह जिला विशेष टीम, दिलीपसिह, बनवारीलाल रायला थाना शामिल रहे।

# लम्पिया खनन विवाद: ग्रामीणों और श्रमिकों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, कुछ स्थानीय लोगों पर लगाया ‘जबरन वसूली’ का आरोप

स्मार्ट हलचल| पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** जिले के लम्पिया खनन क्षेत्र में चल रहा वैधानिक खनन और ब्लास्टिंग कार्य एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गया है। मंगलवार को ग्राम जालिया के निवासियों, श्रमिकों और उपठेकेदारों ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कुछ स्थानीय रसूखदारों पर सुनियोजित तरीके से वैध खनन कार्य को रुकवाने और अवैध वसूली करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

### मुआवजा लेने के बाद भी नई मांग का आरोप

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि खनन कंपनी द्वारा प्रभावित व्यक्तियों को नियमानुसार संपूर्ण मुआवजा पहले ही नकद रूप में दिया जा चुका है। इसके बावजूद,



कुछ लोग निजी स्वार्थ के चलते दबाव बनाकर ब्लास्टिंग कार्य बंद कराना चाहते हैं। ग्रामीणों ने इसे ‘जबरन वसूली’ और ‘आपराधिक धमकी’ करार देते हुए कहा कि ये लोग प्रशासन को गुमराह करने के लिए बार-बार भ्रामक ज्ञापन दे रहे हैं।

### आजीविका पर गहराया संकट

स्थानीय लोगों के अनुसार, खनन कंपनी सभी वैधानिक अनुमतियों, पर्यावरणीय शर्तों और सुरक्षा मानकों का पालन कर रही है। इसके साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। विरोध के नाम पर बार-बार काम रुकवाने से न केवल कानून-व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि सैकड़ों मजदूर परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

### प्रशासनिक अधिकारियों पर भी लगाए निराधार आरोप

ज्ञापन में बताया गया कि इस प्रकरण में उपखंड अधिकारी (स्छरू) द्वारा कई बार समझाइश की कोशिश की गई, लेकिन सहमति बनने के बजाय विरोध कर रहे लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों पर ही निराधार आरोप लगा दिए। ग्रामीणों ने इसे प्रशासनिक गरिमा को ठेस पहुँचाने वाला कृत्य बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# महिला की हत्या का आरोपी गिरफ्तार, 18 महीनो से चल रहा था फरार

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

गंगापुर थाना पुलिस और डीएसटी ने हत्या के मामले में 18 माह से फरार चल रहे ईनामी अपराधी को गिरफतार करने में सफलता हासिल की है । आरोपी कपल सिंह उर्फ अजयपाल सिंह राजपुत को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह भीलवाडा द्वारा ईनामी व वांछित अपराधियों की धरपकड के सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही एवं गिरफ्तारी के लिए बुद्धराज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाडा के निर्देशन में व सुदर्शन पालीवाल वृत्ताधिकारी वृत गंगापुर के सुपरविजन में थानाप्रभारी लीलाधर मालवीय के नेतृत्व में डीएसटी टीम का गठन किया गया। दिनांक 09.07.24 को प्रार्थी पिन्टु सुवालका निवासी बिकराई थाना गंगापुर ने मामला दर्ज करवाया और बताया की दिनांक 09.7.2024 को उसकी मां रोज की तरह खेत पर काम करने गई। दिन के लगभग 3.13 बजे उसकी मम्मी का उसके मोबाइल पर फोन आया। उसकी मम्मी लाली देवी रो रही थी और बोला कि ये लोग मुझे मार रहे है जल्दी खेत पर आ जा। वह भाग कर खेत पर गया तो



देखा कि रामु सुवालका व मिठुलाल सुवालका के हाथ में लठ था, अजयपालसिह उर्फ कपिलसिंह ने उसे पकड कर उसके थप्पड़ रख कर रोक लिया, मिठुलाल ने जब उसकी माता को खेत में गिराया तो रामु ने उसकी मम्मी को गिरी हुई को पकडा और राजु सुवालका उसके पुराने ट्रैक्टर से उसकी मां लाली देवी की गर्दन पर चढा दिया तथा आगे ले जाकर फिर वापस उल्टा लाकर उसकी मां के कमर पर ट्रैक्टर का टायर चढ़ा दिया वह चिल्ला रहा था, उसकी मम्मी टायर चढ़ने से वहीं गिरी हुई पडी थी। फिर उसकी मम्मी को निजी अस्पताल मे भर्ती करवाया। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया। जांच के पश्चात आरोपी राजु उर्फ राजकुमार निवासी बिकराई, रामु सुवालका निवासी बिकराई थाना गंगापुर जिला भीलवाडा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया व माननीय न्यायालय में चार्जशीट पेश की । शेष आरोपी कपल सिंह उर्फ अजयपाल सिंह के विरूद्ध बीएनएसएस में मामला पैण्डिग चल रहा था। जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक भीलवाडा द्वारा उक्त प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुये आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रूपये के ईनाम की घोषणा की गई थी। विशेष टीम द्वारा तकनीकी निगरानी के आधार पर फरार आरोपी के सम्पर्क सुत्रो को चिन्हित करके उक्त आरोपी कपल सिंह उर्फ अजयपाल सिंह को रेवाडा से गिरफतार किया गया। यह अपराधी आबकारी वृत चितौडगढ, वृत कपासन, पुलिस थाना बडी सादडी में आबकारी अधिनियम के अपराधो में वाण्टेड होने की जानकारी मिली है। टीम में थानाप्रभारी लीलाधर मालवीय , हैड केनसटेबल ओमप्रकाश डीएसटी (विशेष योगदान) सत्यनारायण शर्मा हैड कानिस्टेबल साईबर सैल (विशेष योगदान) कांस्टेबल राधेष्याम डीएसटी (विशेष योगदान) शामिल थे।

# कपड़ा फेक्ट्री में आग का तांडव, भीषण आग से मची अफरा तफरी



## लाखो का नुकसान

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिले के मांडल थाना क्षेत्र के रायसिंहपुरा स्थित कपड़ा फेक्ट्री शारदा ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई । आग से लाखो रु का सामान जलकर राख हो गया जिससे काफी नुकसान हुआ । आग की सूचना पर मांडल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल को बुलाया गया इससे पूर्व फेक्ट्री प्रबंधन ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास किया । आग इतनी भयंकर थी की पूरी फेक्ट्री में धुएं का गुब्बार फैल गया । वही आस पास के क्षेत्र और दूर दूर तक आग की लपटों से धुआं उठता नजर आया । पुलिस और दमकल की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका । फिल्हाल यह स्पष्ट नही हो पाया है की आग किस कारण लगी प्रथम दृष्टया आग शॉर्ट सर्किट के कारण माना जा रहा है और आग लगने के पुख्ता कारणों का पता लगाया जा रहा है । आग से लाखो रु का नुकसान हुआ है।

# राष्ट्रीय कुश्ती में गोल्ड मेडल जीत कर चारवी बनी गोल्डन गर्ल



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

उत्तर प्रदेश के बलिया में आयोजित राष्ट्रीय एसजीएफआई 17 वर्षीय कुश्ती प्रतियोगिता में केसरी नंदन व्यायाम शाला टंकी के बालाजी की पहलवान चारवी भेरू पटेल ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर राजस्थान की एकमात्र गोल्डन गर्ल का खिताब अपने नाम किया।

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के व भीलवाड़ा केसरी नंदन व्यायाम शाला के अंतरराष्ट्रीय कोच जगदीश जाट से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश बलिया में केसरी नंदन व्यायाम शाला की महिला पहलवान चारवी भेरू पटेल (माली) ने 46 किलोग्राम वजन वर्ग में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त कर राजस्थान की झोली में पहला गोल्ड मेडल डालकर राजस्थान का मान बढ़ाया जाएगा द्य इस कुश्ती प्रतियोगिता में राजस्थान की एकमात्र महिला पहलवान जिसने गोल्ड मेडल हासिल किया। जाट ने बताया कि पहलवान चारवी भेरू पटेल ने गोल्ड मेडल का सफर तय किया जिसमें पंजाब, महाराष्ट्र, , हरियाणा, उत्तर प्रदेश और सभी पहलवानों को चारवी भेरू पटेल माली ने बायफाल चित हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में भी दिल्ली की पहलवान को बायफल चित हराकर राजस्थान के लिए गोल्ड मेडल जीता।

चारवी भेरू पटेल (माली) के गोल्ड मेडल जीतने पर श्री केसरी नंदन व्यायाम शाला टंकी के बालाजी के संरक्षक श्री राधे श्याम बहेड़िया, अध्यक्ष सुवालाल जाट धर्मेंद्र पारीक अरुण शर्मा कोषाध्यक्ष श्री महेश पांडे रतन पहलवान भारतीय रेलवे, छोटू लाल माली, शंकर जाट, विष्णु पहलवान, धनराज माली रतन गुर्जर आरटीओ,गोपाल जाट सुनील शर्मा, रतन सुथार युवा अध्यक्ष, प्रदीप जाट, प्रिंस माली, राहुल जाट, मनीष माली, सह प्रशिक्षक मुकेश जाट,नवीन मारू व सभी व्यायाम शाला के पहलवान के केसरी नंदन व्यायाम शाला पर पहुंचने पर चारवी भेरू पटेल का जोरदार स्वागत अभिनंदन किया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 20 दिसंबर के मांडलगढ़ दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट, सुशासन पखवाड़ा शिविरों का निरीक्षण

स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 20 दिसंबर को प्रस्तावित मांडलगढ़ दौरे को लेकर जिला कलेक्टर नहीं व्यवस्थाओं का जायजा लिया उपखंड प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। इसी क्रम में सुशासन पखवाड़ा के तहत 11 से 25 दिसंबर तक चल रहे ग्रामीण एवं शहरी शिविर सेवा शिविरों के फॉलो-अप कैंप का मुख्यमंत्री निरीक्षण करेंगे अधिकारियों ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ समयबद्ध सीहोर में मुख्यमंत्री के समक्ष पेश करेंगे

शिविर और मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा, तहसीलदार बसंत पांडे, डीवाईएसपी बाबूलाल बिश्नोई, पुलिस निरीक्षक (सीआई) घनश्याम मीणा, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी तेजभान मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष संजय डागी एवं पार्षद लादूलाल खटीक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कार्मिकों को शिविरों में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने तथा आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

इधर, मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला कलेक्टर भीलवाड़ा ने मांडलगढ़ पहुंचकर सभा स्थल, हेलीपैड स्थल एवं अन्य प्रमुख व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा सुविधा, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई और अग्निशमन व्यवस्था सहित सभी पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध रूप से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मांडलगढ़ परिसर में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा हेलीपैड निर्माण कार्य तेज गति से किया जा रहा है। निर्माण कार्य की निगरानी पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियंता (एसी) खेमचंद मीणा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता डीके गुप्ता, मांडलगढ़ पीडी एक्शन सोहनलाल बेरवा एवं सहायक अभियंता (एईएन) सज्जाद मोहम्मद द्वारा की जा रही है। अधिकारियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर दिया।

प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दौरे के दौरान आमजन की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, प्रवेश-निकास मार्ग, चिकित्सा दलों की तैनाती एवं स्वयंसेवकों की व्यवस्था की जा रही है। प्रशासन ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता के साथ करें, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# पार्षद और उसके बेटे ने जान से मारने की नीयत से युवक पर किया गाड़ी चढ़ाने का प्रयास

## शांतिभंग में पार्षद गिरफ्तार


स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीमगंज थाना पुलिस ने शांतिभंग के आरोप नगर निगम के वार्ड नम्बर 50 के भाजपाई पार्षद उदय लाल तेली पुत्र श्यामलाल तेली को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आदर्श नगर निवासी अभिषेक पुत्र भगत सैन ने थाने में रिपोर्ट दी कि रविवार रात भाजपा पार्षद उदय लाल तेली व उसके बेटे मनीष तेली ने जान से मारने की नियत से उसके छोटे भाई तुषार सैन पर गाडी चढाने का प्रयास किया, जिससे उसे चोटे आई, पुलिस ने पीड़ित अभिषेक सैन की रिपोर्ट पर भाजपा पार्षद तेली को गिरफ्तार कर अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर के समक्ष पेश किया। वहीं थानाधिकारी ने बताया कि तेली व सैन के बीच आये दिन झगडे होते रहते है, दोनों पक्षों ने एक दुसरे के खिलाफ रिपोर्ट दे रखी है।

# 11 लाख की रिश्वत लेने के आरोपी डॉक्टर पंकज एसीबी कोर्ट में किया पेश, भेजा जेल

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा । भीलवाड़ा में 11 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों ट्रैप किए गए आरोपी डॉक्टर पंकज छिपा को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की द्वितीय टीम ने आज मंगलवार शाम न्यायालय में पेश किया। मामले की सुनवाई के बाद विशिष्ट न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, भीलवाड़ा



(एसीबी कोर्ट) ने आरोपी घुसखोर डॉक्टर को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिए जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। वही टीम द्वारा इस पूरे मामले में पूरे नेक्सस का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। एसीबी द्वितीय के पुलिस निरीक्षक नरपत सिंह चारण ने कहा कि आरोपी डॉक्टर पंकज ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत बिल पास करने और इसमें अनियमितताओं को दूर करने के नाम पर रिश्वत 14 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायत मिलने पर एसीबी ने योजना बनाकर कार्रवाई की और डॉक्टर को 11 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों ट्रैप किया। आज आरोपी डॉक्टर को एसीबी कोर्ट में पेश किया गया।जहां से उसे न्यायालय के आदेश से जेल भेज दिया गया।इसमें टीम अब जयपुर के कुलदीप के कनेक्शन का पता लग रही है। इस पूरे मामले में अग्रिम जांच जारी है। जांच के दौरान यह भी देखा जा रहा है कि कहीं इस प्रकरण में अन्य कोई शामिल तो नहीं हैं।

# कुएं में गिरने से किसान की मौत

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



रायला थाना क्षेत्र के देवा का खेड़ा धामनिया गांव में एक किसान की कुएं में गिरने से मौत हो गई । रायला पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार 43 वर्षीय सांवरनाथ पुत्र भेरुनाथ योगी अपने खेत पर फसलों को पानी पिलाने गया था । पानी की मोटर खराब होने से वह कुएं से खुद ही पानी निकालने लगा इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह कुएं में जा गिरा । सूचना पर रायला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से सांवरनाथ को कुएं से बाहर निकालकर रायला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने परिजनो की मोजुदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौपा । रायला पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# काछोला में 'बदलता राजस्थान-बढ़ता राजस्थान' रथ भ्रमण यात्रा का आयोजन



स्मार्ट हलचल | काछोला

राजस्थान सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में काछोला कस्बे में 'बदलता राजस्थान-बढ़ता राजस्थान' रथ भ्रमण यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर रथ के माध्यम से क्षेत्र में भ्रमण कर आमजन को राज्य सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया गया रथ पर लगी बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा बीते दो वर्षों में किए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी प्रदर्शित की गई लोगों ने रुक-रुककर स्क्रीन पर दिखाई जा रही जानकारियों को देखा और योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की कार्यक्रम के प्रभारी एवं भाजपा युवा नेता अरविंद माली ने बताया कि रथ भ्रमण यात्रा का उद्देश्य राज्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को सीधे आमजन तक पहुंचाना है, ताकि प्रत्येक व्यक्ति सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ उठा सके ग्राम पंचायत काछोला प्रशासक रामपाल बलाई ने बताया कि सरकार निरंतर विकास और जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह यात्रा उसी का संदेश लेकर गांव-गांव और ढाणी-ढाणी तक पहुंचेगी कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि व भाजपा नेता संदीप सोनी सत्यनारायण वैष्णव बजरंग मंत्री अमर सिंह सोलंकी व स्थानीय कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद रहे और रथ भ्रमण यात्रा का स्वागत किया।

# बरण प्रीमियर लीग का भव्य समापन, मातेश्वरी टाइटन बनी चैंपियन

स्मार्ट हलचल



**बनेड़ा।** उपखण्ड सर्किल के बरण ग्राम मे आयोजित बरण प्रीमियर लीग क्रिकेट का खिताब मातेश्वरी टाइटन ने जोगणिया इलेवन को छह विकेट से हरा कर के अपने नाम किया । शहीद भगत सिंह खेल स्टेडियम मे दुधिया रोशनी में खेली गई।इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले मे जोगणिया ने निर्धारित ओवर में 87 रन बनाये जिसके जवाब में 88 रन के लक्ष्य के बल्लेबाजी करने उतरी मातेश्वरी टाइटन ने 10 ओवर में ही 4 विकेट के नुकसान पर 88 रन बनाकर के निर्णायक मुकाबले में छह विकेट जीत हासिल है अतिथियों द्वारा विजेता और उप विजेता टीमों को पारितौषिक और प्रमाण पत्र देकर के सम्मानित किया गया। खेल प्रेमियों के लिए रोमांच से भरपूर रहा।

पूरी प्रतियोगिता में बेहतरीन और शानदार खेल का प्रदर्शन करने वाले हेमराज गुर्जर को 'मैन ऑफ द सीरीज' के खिताब से नवाजा गया। उनके ऑलराउंड प्रदर्शन ने दर्शकों और क्रिकेट विशेषज्ञों का भरपूर ध्यान खींचा। समापन समारोह में स्वामी विवेकानंद युवा संस्थान के अध्यक्ष सी.एस. राजू जाट ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग देने वाले चारों टीम ओनर्स–कमलेश सुवालका, धर्मेन्द्र ईचोलिया, अमित खटीक एवं सद्दाम हुसैन मंसूरी का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि टीम ओनर्स के सहयोग और विश्वास के बिना इतना बड़ा आयोजन संभव नहीं हो पाता।

वहीं प्रतियोगिता में भाग लेने वाली चारों टीमों के कप्तान–योगेन्द्र सिंह, राम किशन खटिक, कैलाश रतवाल एवं राजू जाट ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बरण प्रीमियर लीग जैसे आयोजन ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। प्रतियोगिता की सफलता में गांववासियों का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी और स्थानीय लोगों के सहयोग से पूरे आयोजन में उत्साह और अनुशासन बना रहा। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक कमलेश सुवालका ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि संस्था हमेशा युवाओं के खेल, प्रतिभा और विकास के लिए हर संभव सहयोग देने को तत्पर रहेगी। बरण प्रीमियर लीग न केवल एक क्रिकेट प्रतियोगिता रही, बल्कि यह आयोजन युवा ऊर्जा, खेल भावना, आपसी भाईचारे और ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का सशक्त माध्यम भी बना। समापन अवसर पर खिलाड़ियों, आयोजकों और दर्शकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### मांडल क्षेत्र में चोरों ने मचाया उत्पात

# आधा दर्जन से ज्यादा ट्रांसमीटर से किया ऑयल चोरी, किसानों में आक्रोश

स्मार्ट हलचल

**मांडल।** मांडल थाना क्षेत्र के सीडियास में चोरों का आतंक कितना बढ़ गया है इस बात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है की चोरों ने आधा दर्जन से ज्यादा खेतो को निशाना बनाते हुए ट्रांसमीटर से ऑयल चोरी कर लिया । वही चोरों की इस हरकत से किसानों में आक्रोश फैला हुआ है । सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की । ग्रामीणों ने पुलिस गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए आक्रोश प्रकट किया है । क्षेत्र में चोरों ने कई कुओं



को निशाना बनाया है । किसानों ने बताया की ट्रांसमीटर से ऑयल चोरी से फसल की पिलाई में परेशानी होगी । चोरों को जल्द से जल्द ग्रामीणों ने पकड़ने की मांग पुलिस प्रशासन से की है।

# काछोला क्षेत्र से खनिज राजस्व देने वाला मार्ग बदहाल, धूल ने छीना आमजन का सुकून

स्मार्ट हलचल | कछोला

क्षेत्र में सर्वाधिक खनिज राजस्व देने वाले राजगढ़ से धनवाड़ा चौराहा तक के मार्ग की हालत अत्यंत खस्ताहाल बनी हुई है इस मार्ग से गुजरने वाले आमजन को धूल के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है दिनभर उड़ती धूल से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है, वहीं सड़क किनारे स्थित खेतों की फसलों पर धूल की मोटी परत जम गई है, जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है।



ग्रामीण कालू ने बताया इसी मार्ग पर क्षेत्र की अधिकांश विभिन्न खनिज खदानें स्थित हैं, जिनसे प्रतिदिन भारी मात्रा में खनिज परिवहन होता है इसके बावजूद टूटी-फूटी सड़क पर पानी का नियमित छिड़काव तक नहीं किया जा रहा, जिससे धूल की समस्या और विकराल रूप लेती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र से सर्वाधिक डीएमएफटी (डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट) फंड देने वाला है, लेकिन इसके बावजूद मार्ग की सुध लेने वाला कोई नहीं है भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है, जिन पर अक्सर तिरपाल भी नहीं ढका होता इससे उड़ने वाली धूल और गिट्टी के कारण छोटे वाहन चालकों व राहगीरों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है

ग्रामीणों ने संबंधित विभागों व प्रशासन से मांग की है कि मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए, नियमित पानी का छिड़काव सुनिश्चित हो तथा खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर तिरपाल ढकने की सख्ती से पालना कराई जाए, ताकि आमजन और किसानों को राहत मिल सके ।

# पोटला मे जगह जगह गंदगी के ढेर, कचरे में से प्लास्टिक खा रहे पशु

स्मार्ट हलचल | गंगापुर

पोटला उपतहसील मुख्यालय पर जगह जगह लगे गंदगी के ढेर और कूड़ा कचरा मानव जीवन के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहा है वहीं गौवंश का जीवन भी लील रहा है भारत सरकार व राजस्थान सरकार स्वच्छता को लेकर भले ही साफ-सफाई के बड़े-बड़े दावे करती हो। स्वच्छता के नाम पर मोटी रकम उठाई जा रही है। पर वहीं इसकी हकीकत सरकार के दावों की पोल खोल रही है। पंचायत द्वारा अव्यवस्थित कचरा संग्रहण नगर के वार्डों के डोर-टू-डोर घरों से कचरा संग्रहण कर कस्बे की सड़कों के किनारे अस्थाई डंपिंग यार्ड बना दिए गए। ग्रामीणों ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से आगे मंडफिया सड़क पर व आईसीआईसीआई बैंक के सामने, रैगर मोहल्ला,सातलियास रास्ता सहित अनेक जगहों पर कचरे के ढेर लगा दिए हैं।



कचरे के ढेर में आवारा पशुओं व सुअरों का जमावड़ा लगा रहता है। कचरा के डंपिंग यार्ड सड़क किनारे होने के कारण पशु आपस में झगड़ते हुए अचानक सड़क पर आने से कई बार वाहन चालक हादसे का शिकार हो चुके हैं। आईसीआईसीआई बैंक के सामने वार्ड नंबर 2 में आबादी के बीचों बीच भी कचरे का ढेर लगा हुआ होने के कारण वहां के लोगों का रहना दुश्वार हो रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कचरे के ढेर से चारों तरफ गंदगी फैली रहती है और हवा के साथ थैलियां सड़क के साथ मोहल्ले में उडने लग जाती है। कचरे के ढेर की गंदगी से चारों तरफ दुर्गंध फैली रहती है। जिससे लोगों का बाहर घूमने के साथ बैठना भी दुश्वार हो रहा है। गंदगी से मच्छर पनप रहे हैं और बीमारियां फैल रही हैं। स्थानीय लोगों ने बताया की कचरे समस्या से पंचायत भलीभांति परिचित हैं परंतु समाधान नहीं निकल रही है। स्वच्छता के नाम पर ग्राम पंचायत को मोटी रकम सरकार की ओर से मिल रही है। कागजों में स्वच्छता दिखाई जा रही है। लेकिन धरातल पर स्वच्छता का नामोनिशान नहीं है।

# खामोर राशन डीलर पर जांच के दौरान सरकारी अधिकारियों से अभद्रता, जातिगत टिप्पणी व दस्तावेज फाड़ने का मामला दर्ज

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** पुलिस थाना फुलियाकलां में ग्राम खामोर के उचित मूल्य दुकानदार आमप्रकाश वैष्णव के खिलाफ राजकीय कार्य में बाधा, गाली-गलौच, धमकी, सरकारी अभिलेख फाड़ने तथा जातिगत रूप से अपमानित करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। यह प्रकरण जिला रसद अधिकारी कार्यालय भीलवाड़ा की प्रवर्तन निरीक्षक डॉ. मीनाक्षी मीणा द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर दर्ज हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार डॉ. मीनाक्षी मीणा पिछले लगभग दस वर्षों से जिला रसद कार्यालय में प्रवर्तन निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं तथा वर्तमान में उन्हें फुलिया-शाहपुरा क्षेत्र की विभागीय जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला रसद अधिकारी द्वारा दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को आदेश क्रमांक रसद/2025/1659 जारी कर एक जांच दल का गठन किया गया था, जिसमें डॉ. मीनाक्षी मीणा के साथ विनोद मीणा (प्रवर्तन निरीक्षक, माण्डल) एवं ब्रिजेश सेठी (प्रवर्तन निरीक्षक, माण्डलगढ़) को शामिल किया गया। जांच दल 29 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त उपभोक्ता शिकायत की जांच के लिए ग्राम खामोर स्थित राशन डीलर आमप्रकाश वैष्णव की दुकान पर पहुंचा। अधिकारियों द्वारा अपना परिचय देकर जांच का उद्देश्य बताए जाने पर दुकानदार कथित रूप से भड़क गया और वहां मौजूद ग्रामीणों के सामने



अधिकारियों से गाली-गलौच करने लगा। रिपोर्ट में आरोप है कि दुकानदार ने जातिगत टिप्पणी करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अधिकारी उसकी जांच कैसे कर सकते हैं।

बताया गया कि इसी दौरान दुकानदार ने प्रवर्तन निरीक्षक डॉ. मीनाक्षी मीणा को धक्का देकर दुकान से बाहर निकालने का प्रयास किया। जब अन्य दोनों निरीक्षकों ने स्थिति संभालने और उसे समझाने का प्रयास किया, तो दुकानदार ने उनके हाथ से सरकारी कागजात छीनकर फाड़ दिए तथा गेहूं का स्टॉक रजिस्टर और पॉस मशीन दिखाने से भी इनकार कर दिया।

रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि जांच के दौरान जब अधिकारी उपभोक्ताओं से जानकारी और बयान लेने लगे, तो दुकानदार द्वारा उपभोक्ताओं को भी धमकाया गया और बयान देने से रोका गया। इसके बाद जांच दल ने गांव में जाकर लगभग 51 उपभोक्ताओं के बयान दर्ज किए। उपभोक्ताओं ने दुकान समय पर नहीं खोलने, उपभोक्ताओं से बदतमीजी करने तथा गेहूं का पूरा और सही वितरण नहीं करने जैसी शिकायतें दर्ज कराई।

इन बयानों के आधार पर जांच रिपोर्ट जिला रसद अधिकारी को सौंपी गई, जिस पर उचित मूल्य दुकानदार आमप्रकाश वैष्णव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि विभागीय कार्रवाई के बाद से दुकानदार लगातार प्रवर्तन निरीक्षकों को धमका रहा है। डॉ. मीनाक्षी मीणा ने बताया कि दिनांक 5 दिसंबर 2025 को आरोपी जिला रसद कार्यालय भीलवाड़ा में पहुंचा और कार्यालय कर्मचारियों को धमकाते हुए कहा कि वे उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकते और यदि उसके खिलाफ की गई कार्रवाई वापस नहीं ली गई तो वह सभी का जीना हराम कर देगा।पुलिस थाना फुलियाकलां ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 221, 224 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1)(ह) एवं 3(1)(द्य) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले की अग्रिम जांच वृत शाहपुरा के अधिकारी को सौंपी गई है।

## इंदिरा कॉलोनी में शमशान घाट के लिए जमीन अलॉटमेंट करने की मांग



स्मार्ट हलचल

**बेरा।** बनेड़ा उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेरा के राजस्व गांव इंदिरा कॉलोनी में कई सालों से शमशान घाट नहीं होने की वजह से निजी जमीन में अंतिम संस्कार किया जा रहा है इसको देखते हुए ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों को भी अवगत करवाया लेकिन समाधान नहीं होने पर मंगलवार को एडवोकेट सुखदेव शर्मा के नेतृत्व में शाहपुरा बनेड़ा विधायक लालाराम बैरवा को ग्रामीणों के साथ ज्ञापन देकर शमशान भूमि अलॉटमेंट करवाने की मांग की गई । बैरवा ने तुरंत तहसीलदार को प्रस्ताव तैयार कर भेजने का आदेश दिया । इस मौके पर बनेड़ा प्रधान प्रतिनिधि विजेंद्र पाल सिंह राठौड़ ग्राम वासी प्रभु लाल रेगर सामाजिक कार्यकर्ता सोहन लाल रेगर जगदीश रेगर मेघराज रेगर भंवर नारायण लाल मेवाराम रामदेव ओम प्रकाश राधेश्याम एवं कहीं ग्रामीण उपस्थित थे।

## रेसिंग बाइक ने वृद्ध को मारी टक्कर, गंभीर घायल



**चित्तौड़गढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र के नगर परिषद के सामने मंगलवार दोपहर एक तेज रफ्तार रेसिंग बाइक ने पैदल जा रहे एक बुजूर्ग को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। आस-पास के लोगों ने उसे जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से उसे उदयपुर रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार मूसा खान (57) पिता इस्माइल खान निवासी देहली गेट किसी कार्य से नगर परिषद आए थे, जहां से वापस लौटते समय सामने से आ रही तेज रफ्तार रेंसिंग बाइक ने उन्हे टक्कर मार दी, जिससे उनका पैर टूट गया और सिर में गंभीर चोटें आई। आसपास के लोगों ने टेम्पो में डालकर उन्हे सांवलियाजी चिकित्सालय पहुंचाया।

## रिश्वतखोर पुलिस अफसर को करारा झटका, कानून ने दिखाया अपना रौद्र रूप

### 12 साल पुराने मामले में फैसला, एसीबी ट्रैप में पकड़े एएसआई को ढाई साल की सजा, 3 लाख का भारी जुर्माना

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** कानून के नाम पर दलाली करने वाले एक और भ्रष्ट पुलिसकर्मी पर आखिरकार न्याय का शिकंजा कस ही गया। 12 साल पुराने रिश्वतखोरी के मामले में कोतवाली थाने के तत्कालीन सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण शर्मा को एसीबी कोर्ट ने दोषी करार देते हुए ढाई साल के कठोर कारावास और 3,00,000 के भारी जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला भीलवाड़ा की एसीबी कोर्ट के न्यायाधीश ने सुनाया, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

**मुकदमे में 'मदद' के नाम पर वसूली**

विशिष्ट लोक अभियोजक राजेश अग्रवाल ने बताया कि 18 सितंबर 2013 को विवेकानंद नगर, हाल बापूनगर निवासी एडवोकेट ललिता शर्मा ने अपने मुवक्किल नवनीत अटल के साथ एसीबी द्वितीय के तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश गुप्ता को एक गंभीर शिकायत सौंपी थी। शिकायत में खुलासा किया गया कि नवनीत अटल के खिलाफ तीन-चार मुकदमे



दर्ज थे, जिनमें से एक की जांच कोतवाली थाने में तैनात एएसआई लक्ष्मी नारायण शर्मा कर रहे थे।

शिकायत के अनुसार, एएसआई शर्मा ने मुकदमे में राहत देने और मारपीट नहीं करने की एवज में 1,00,000 की मांग की, जिसमें से वह पहले ही 50,000 की रिश्वत वसूल चुका था और शेष 50,000 के लिए दबाव बना रहा था।

**एसीबी का जाल, रंगे हाथ गिरफ्तारी**

एसीबी ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पहले सत्यापन करवाया। शिकायत सही पाए जाने पर 20 सितंबर 2013 को एसीबी ने जाल बिछाया और ललिता शर्मा से 50,000 की रिश्वत लेते हुए एएसआई लक्ष्मी नारायण शर्मा को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई ने पुलिस महकमे में खलबली मचा दी थी।

**12 साल बाद न्याय की दस्तक**

एसीबी ने विस्तृत अनुसंधान के बाद आरोपी एएसआई के खिलाफ एसीबी कोर्ट में चार्जशीट पेश की। लंबी सुनवाई और पुख्ता सबूतों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी माना। मंगलवार को सुनाए गए फैसले में अदालत ने ढाई साल की सजा और 3 लाख के जुर्माने से दंडित किया।

**भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त संदेश**

यह फैसला न केवल एक भ्रष्ट अधिकारी के पतन की कहानी है, बल्कि उन सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए कड़ा संदेश है जो वर्दी की आड़ में कानून को बेचने का दुस्साहस करते हैं। एसीबी की इस कार्रवाई और अदालत के सख्त फैसले से साफ है कि भ्रष्टाचार चाहे जितना पुराना हो, कानून की नजर से बच नहीं सकता।

## बागा का खेड़ा विद्यालय सरेरी में शिक्षक शिक्षिकाओं ने बांटे 180 विद्यार्थियों को स्वेटर



स्मार्ट हलचल | रायला

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बागा का खेड़ा, सरेरी में 180 विद्यार्थियों को निःशुल्क स्वेटर वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजेंद्र कुमार गग्गड़, जिला शिक्षा अधिकारी, भीलवाड़ा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आशा लढ्ढा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक हुरड़ा ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कैलाश चंद्र सुथार,तेजकरण बहेड़िया (अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, भीलवाड़ा), कृष्णपाल सिंह राठौड़ एवं शिव कुमार टेलर, राजू कुमावत (पंचायत समिति सदस्य, हुरडा) उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों के स्वागत-सत्कार से हुई, जिसमें विद्यालय परिवार ने अतिथियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के आपसी सहयोग व योगदान से 180 विद्यार्थियों को सर्दी से बचाव के लिए निःशुल्क स्वेटर वितरित किए गए। पीईईओ सरेरी सूरजमल जैन ने अतिथियों का स्वागत संबोधन देते हुए विद्यालय की उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी साझा की। इस अवसर पर संस्था प्रधान श्री नंदलाल कुमावत और शिक्षक श्री कन्हैयालाल शास्त्री ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थितजनों के लिए भोजन व्यवस्था की गई, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों ने सहभागिता की। इस मौके पर शिक्षक सद्दीक मोहम्मद मंसूरी, श्यामलाल वैष्णव, माया पारीक, अमिता प्रजापत, मीना कुमारी, मनीषा रैगर, अजय शर्मा, नंदलाल शर्मा सहित नरेश कुमार, मुकेश, गोपाल, गंगाराम, बीरम, सुरेश आदि ग्रामवासी उपस्थत रहे ।

## अंसारी समाज सेवा संस्थान भीलवाड़ा के चुनाव सम्पन्न

### सलीम अंसारी (चौहान) अध्यक्ष, एडवोकेट मोहम्मद सलीम अंसारी बने कोषाध्यक्ष



स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** अंसारी समाज सेवा संस्थान भीलवाड़ा का दो वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत संस्था के नियमित चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक माहौल में सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया गुलअली नगरी स्थित ईदगाह के पीछे अंसारी जमातखाने में आयोजित की गई, जहां समाज के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान कर नई कार्यकारिणी का चयन किया। अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में मोहम्मद सलीम अंसारी (चौहान) ने 577 में से 248 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी शौकत अली को 103 मतों से पराजित किया। शौकत अली को 145 मत मिले, जबकि 24 मत खारिज घोषित किए गए। स्पष्ट बहुमत के साथ मोहम्मद सलीम अंसारी (चौहान) ने अध्यक्ष पद पर विजय दर्ज कराई। कोषाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में भी रोचक मुकाबला देखने को मिला। कुल 577 मतों में से एडवोकेट मोहम्मद सलीम अंसारी को 210 मत प्राप्त हुए, जबकि मोहम्मद सलीम अजमेरी को 193 मत मिले। इस तरह एडवोकेट मोहम्मद सलीम अंसारी ने 17 मतों के अंतर से कोषाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। इस पद के चुनाव में 14 मत खारिज हुए। वहीं सचिव पद पर सादिक हुसैन गौरी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव अधिकारी रफीक अंसारी की देखरेख में पूरी चुनाव प्रक्रिया अनुशासन, पारदर्शिता और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। परिणामों की घोषणा के बाद उपस्थित समाजजनों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से इस्तक़बाल कर के मुबारक़ बाद दीं और उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाएगी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष के साथ सचिव ने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे तथा अंसारी समाज की एकता, शिक्षा, सामाजिक उत्थान और संगठन को और मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## वर्ल्ड स्कूल गेम्स में कांस्य पदक विजेता मोहित जाट का स्वागत

### अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सूर्यप्रकाश बंजारा, निखिल जाट सहित अन्य प्रतिभाओं का भी हुआ सम्मान

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** चीन के शांगलू में आयोजित वर्ल्ड स्कूल गेम्स अंडर-15 वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भारत को कांस्य पदक दिलाने वाले शाहपुरा के होनहार खिलाड़ी मोहित जाट के नगर आगमन पर बुधवार को भव्य स्वागत किया गया। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गौरव का माहौल देखने को मिला।यंग स्पोर्ट्स क्लब शाहपुरा के प्रतिभाशाली खिलाड़ी मोहित जाट का सर्वप्रथम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुरा में सम्मान समारोह आयोजित कर अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए विजय जुलूस निकाला गया, जो सदर बाजार से महलों के चौक तक पहुंचा। महलों के चौक में यंग स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ।समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उप अधीक्षक



ओमप्रकाश विश्नोई रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद सभापति रघुनंदन सोनी ने की। विशिष्ट अतिथियों में एसीबीईओ सत्यनारायण कुमावत, जेल उप अधीक्षक प्रहलाद गुर्जर, पूर्व सरपंच रामधन जाट, जाट छात्रावास सचिव जगदीश जाट, अधिवक्ता रामप्रसाद जाट, शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) अध्यक्ष महेश शर्मा, अजय सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि ओमप्रकाश विश्नोई ने कहा कि 'शाहपुरा क्षेत्र खेल प्रतिभाओं की नर्सरी बन चुका है। यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।' उन्होंने युवाओं से खेलों को करियर के रूप में अपनाने का आह्वान किया।यंग स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष रामप्रसाद कुम्हार ने सत्र 2024-25 में क्लब की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में चल रहे सायंकालीन प्रशिक्षण शिविर में 70 से अधिक खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर रहे हैं। क्लब सचिव राजेंद्र सिंह धाभाई ने बताया कि मोहित जाट का टूर्नामेंट में प्रदर्शन अत्यंत प्रभावशाली और निर्णायक रहा, जो उसकी निरंतर मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। वॉलीबॉल कोच नरेशपाल धाभाई ने बताया कि मोहित इससे पूर्व भी एसजीएफआई स्कूल नेशनल में राजस्थान की ओर से रजत पदक जीत चुका है।

इस अवसर पर मोहित जाट के साथ-साथ क्लब के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सूर्यप्रकाश बंजारा और निखिल जाट, इंडिया कैंप प्रतिभागी अन्वी कानावत तथा एसजीएफआई स्कूल नेशनल की रजत पदक विजेता सिया कायमखानी का भी सम्मान किया गया। इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देने वालों में एशियन वॉलीबॉल संघ के सीईओ रामावतार जाखड़, भारतीय वॉलीबॉल संघ के पूर्व महासचिव अनिल चौधरी, जिला वॉलीबॉल संघ अध्यक्ष लक्ष्मीलाल सोनी, सचिव शिवराम खटीक सहित अनेक खेल प्रेमी, सामाजिक संगठन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कर्मचारियों ने ली स्वच्छता की शपथ




स्मार्ट हलचल | बनेड़ा

राजस्थान सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पुर्ण होने पर राज्य सरकार के निर्देश पर मंगलवार को पंचायत समिति परिसर में सभी अधिकारीयों और कर्मचारियों द्वारा कार्यालय की सभी शाखाओं और पंचायत समिति परिसर साफ सफाई करने के साथ ही सभी कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई। इस ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम मे विकास अधिकारी धर्मपाल परसोया अतिरिक्त विकास अधिकारी गणेश नारायण शर्मा सहायक लेखा अधिकारी सुधाकर पाटोदिया प्रगति प्रसार अधिकारी सरला भाटिया सहायक अभियंता रवि कुमार मीणा प्रोग्रामर संजीव कुमार कुमावत सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।वहीं प्रभारी राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय मुंशी डॉ सरफराज अली खान ने बताया कि स्वच्छ कार्यालय अभियान के अंतर्गत राजकीय आयुर्वेद औषधालय सरदार नगर में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आयुर्वेद नर्स माधुरी मीणा ने औषधालय में साफ सफाई की तथा औषधियों का उचित रख रखाव का कार्य किया।

## एनएसयूआई की कमान: जयदीप सिंह बने मांडलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़



भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने अपने सांगठनिक ढांचे को मजबूत करते हुए मांडलगढ़ ब्लॉक की जिम्मेदारी युवा छात्र नेता जयदीप सिंह को सौंपी है। एनएसयूआई भीलवाड़ा ग्रामीण के जिलाध्यक्ष संपत गुर्जर ने मंगलवार को इस नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा की।

जिलाध्यक्ष संपत गुर्जर ने बताया कि एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ के निर्देशानुसार संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने के उद्देश्य से यह नियुक्ति की गई है। जयदीप सिंह को मांडलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने से क्षेत्र में छात्रों की आवाज बुलंद होगी।

**छात्र हितों के लिए करेंगे संघर्ष**

नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष जयदीप सिंह से संगठन ने उम्मीद जताई है कि वे स्कूल-कॉलेजों में छात्रों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे और संगठन की रीतियों-नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। सिंह की नियुक्ति पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और स्थानीय छात्र नेताओं ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी है।

## ये तो गलत है : प्रशासन की अनदेखी के चलते सडक के किनारे गंदगी के ढेर



स्मार्ट हलचल | करेडा

सरकार स्वच्छता को लेकर प्रचार प्रसार कर लाखों रुपए खर्च कर रही है वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत प्रशासन की अनदेखी के चलते कस्बे में जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत प्रशासन की अनदेखी के चलते कस्बे के मुख्य मार्गो के समीप इतनी गंदगी पसरी हुई है कि यहां से गुजरने वाले राहगीरों को सासं रोक कर निकलना पड रहा है वहीं इस गंदगी व कुडे करकट में दिनभर मुहं मारते नजर आते हैं ऐसे मे प्लास्टिक भी खा जाते हैं जिससे उनके जीवन को खतरा हो जाता है। दुसरी और ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर उप खंड अधिकारी, तहसीलदार, ग्राम पंचायत, विकास अधिकारी तक को शिकायत कर दी मगर समस्या का समाधान नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस समस्या का समुचित निस्तारण की मांग की है ।

# भागवत कथा सुनने मात्र से अहंकार का नाश होता है-स्वामी जगदीश पुरी

### कथा में मनाया नंदोत्सव तो गूंजे जयकारे,नन्द के घर आनन्द भयो,जय कन्हैयालाल की, संगीतमयी भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

स्मार्ट हलचल | काछोला

क्षेत्र के धामनिया सामुदायिक भवन में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।कथा के दौरान जैसे ही भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जयकारे से गूंज उठा।इस दौरान श्रद्धालु झूमने नाचने लगे।

कथा वाचक स्वामी जगदीश पुरी जी महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथावाचक स्वामी जी ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है,कथा वाचक ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गयी. चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लेकर कंस का संहार किया. इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीला का वर्णन किया।भागवत कथा के आयोजन से श्रद्धालुओं में खुशी



का माहौल है।भगवान श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे।

कथा की शुरुआत से पहले माण्डलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, ओम प्रकाश मूंदड़ा, संदीप सोनी,अखिलेश पारीक, कथावाचक सहित कमेंटी के सभी लोगों को पाग, दोपटा से सम्मानित कर कहा कि इस तरह के आयोजन से गांव सामाज में शांति कायम होता है, लोगों में धर्म के प्रति अधिक विश्वास बढ़ता है। उन्होंने आयोजनकर्ता को साधुवाद दिया। हुआ भक्तिमय वातावरण-कथा में जैसे ही कृष्ण जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल 'नंद के आनंद भयो' के नारों से गूँज उठा और श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। संगीतमय उत्सव- 'मिठी मिठी मेरे सांवरे की बंसी बाजे' नन्द के असन्द भयो,,,जैसे भजनों पर भक्त झूम उठे और महिलाओं ने नृत्य किया, जिससे माहौल और भी भक्तिमय हो गया।

सजी मनमोहक झाँकियाँ- भगवान श्रीकृष्ण की सुंदर झाँकियाँ सजाई गईं, जिसमें बाल कृष्ण के रूप में नन्हे बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित थे। नंदोत्सव की परंपरा-श्रद्धालुओं ने भगवान के जन्म की खुशी में गुड़ के लड्डू से भोग लगाया, बधाईयाँ बांटीं और फूलों की होली खेली,।

भागवत कथा में स्वामी जगदीश पुरी जी महाराज ने श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुनाई और भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के दौरान नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल... भजन पर श्रद्धालु झूम उठे। भक्तों ने श्रीकृष्ण झांकी से आशीर्वाद दिया। कथा का विश्राम महाआरती के साथ हुआ।

# आर्ट गैलरी में सजी दो साल की उपलब्धियों की प्रदर्शनी, जिला कलक्टर ने किया शुभारंभ

**विकास प्रदर्शनी में विभागों ने लगाए स्टॉल, गरड़दा परियोजना का मॉडल बना आकर्षण का केंद्र,**

## जिला विकास पुस्तिका का भी हुआ विमोचन

स्मार्ट हलचल| बूंदी

राज्य सरकार के कार्यकाल के सफल दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय की ओर से आर्ट गैलरी में आयोजित की जा रही तीन दिवसीय 'जिला विकास प्रदर्शनी' का जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने जिले में बीते दो वर्षों में हुए बदलाव और विकास कार्यों की सराहना करते हुए इसे आमजन के लिए प्रेरणादायक बताया। प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी अनुप्रिया, राजकुमार श्रृंगी सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### फ्लेक्स पैनल्स पर उकेरी गई विकास की कहानी

आर्ट गैलरी में प्रवेश करते ही फ्लेक्स पैनल बोर्ड्स के माध्यम से राज्य और बूंदी जिले की प्रगति की कहानी बयां की गई है। प्रदर्शनी में पिछले दो वर्षों के दौरान आधारभूत ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में हुए कार्यों को बेहद आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। जिला कलक्टर ने एक-एक पैनल का बारीकी से अवलोकन किया और प्रदर्शित चित्रों के माध्यम से दर्शायी गई विकास यात्रा की प्रशंसा की।

### विभागीय स्टॉल्स पर दिखी प्रगति, गरड़दा मॉडल को मिली सराहना

प्रदर्शनी परिसर में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा अपनी उपलब्धियों को दर्शाने के लिए स्टॉल लगाए गए हैं। इसमें जयपुर विद्युत वितरण निगम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, आयुर्वेद, शिक्षा, महिला अधिकारिता, स्वच्छ भारत मिशन, जिला मत्स्य विकास परियोजना और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने अपने स्टॉल के माध्यम से विभागीय प्रगति का प्रदर्शन किया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा तैयार किया गया 'गरड़दा पेयजल एवं सिंचाई परियोजना' का मॉडल प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण बना रहा। आमजन और अतिथियों ने इस मॉडल को खूब सराहा। कलक्टर अक्षय गोदारा ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर वहां मौजूद अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन और जनता को मिल रहे लाभ के बारे में जानकारी ली।

### 'जिला विकास पुस्तिका' का विमोचन

इस अवसर पर जिला कलक्टर ने सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, बूंदी द्वारा प्रकाशित 'जिला विकास पुस्तिका' का विमोचन भी किया। पुस्तिका में बीते दो सालों में बूंदी जिले में हुए विकास कार्यों का विस्तृत ब्यौरा और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समावेश किया गया है, ताकि आमजन एक ही जगह पर सभी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकें। साथ ही, विभाग की ओर से प्रचार साहित्य का वितरण भी किया गया।

### प्रदर्शनी प्रतियोगी परीक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए उपयोगी

विकास प्रदर्शनी केवल सरकारी उपलब्धियों का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि ज्ञान का एक बड़ा स्रोत भी है। यह प्रदर्शनी 18 दिसंबर तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आमजन के लिए पूर्णतः निःशुल्क खुली रहेगी। प्रदर्शनी में उपलब्ध जानकारी और वितरित की जा रही प्रचार सामग्री विशेष रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए 'करंट अफेयर्स' और सरकारी योजनाओं को समझने में बेहद उपयोगी साबित होगी। जिला कलक्टर ने युवाओं और आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस प्रदर्शनी का लाभ उठाएं।

# राजस्व वसूली को लेकर विद्युत निगम सख्त, तीन ट्रांसफार्मर जब्त

स्मार्ट हलचल| हरनावदाशाहजी

राजस्व वसूली को लेकर विद्युत निगम ने सखूत रुख अपनाते हुए बकायादार उपभोक्ताओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कलमोदिया पंचायत के ग्राम लम्बावर, पथरी एवं बिल्लेंडी ग्राम पंचायत के पिपलियाघाटा गांव में उपभोक्ताओं पर कुल 11.57 लाख रुपये का बकाया होने पर विद्युत निगम द्वारा तीन विद्युत ट्रांसफार्मर जब्त कर लिए गए तथा संबंधित कनेक्शन काट दिए गए। कार्रवाई के दौरान जेईएन कुलदीप मीणा, मदन मीणा सहित बिजली विभाग के अन्य कर्मचारी भी मौके पर मौजूद रहे।

इस संबंध में सहायक अभियंता विकास महावर ने बताया कि बकाया राशि जमा नहीं कराने वाले




उपभोक्ताओं के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से समय पर बकाया जमा कराने की अपील की, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

# लेकसिटी की विप्रा मेहता मिस कॉस्मो इंटरनेशनल वियतनाम में कर रही है देश का प्रतिनिधित्व

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

शहर की मॉडल और अभिनेत्री विप्रा मेहता वियतनाम में मिस कॉस्मो इंटरनेशनल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है, जिसका फाइनल मुकाबला 20 दिसंबर को आयोजित होगा विप्रा ने वीडियो सन्देश के माध्यम से देशवासियों से अधिक से अधिक वोट करने की अपील की है और कहा कि अभी वह 36 नंबर पर चल रही है, सर्वोत्तम 10 में शामिल होने के लिए देशवासियों से अधिक से अधिक वोट कि जरूरत है वोटिंग में लिए मोबाइल के प्ले स्टोर से वनज़ोन एप स्टॉल कर रजिस्ट्रेशन करना है और मिस कॉस्मो इंटरनेशनल में विप्रा मेहता सर्च कर फ्री वोट




देना है, आपको बता दे कि इस पूरी प्रतिस्पर्धा में 80 से ज्यादा देश की मॉडल्स भाग ले रही है वहीं विप्रा के पिता दत्तात्रेय मेहता ने बताया कि पूर्व में भी विप्रा ने मिस दिवा कॉस्मो 2024 का खिताब जीत कर देश एवं शहर का नाम रोशन किया था ।

# नाहरगढ़ के दो युवाओं का भारतीय सेना में चयन



स्मार्ट हलचल

**नाहरगढ़।** कस्बे के दो होनहार युवाओं का भारतीय सेना में चयन होने पर धाकड़ समाज मंदिर पर समाज द्वारा दो युवा रोहित नागर और भूपेंद्र नागर का भारतीय सेना में चयन होने पर स्वागत किया गया।

भारतीय सेना में चयन होना अत्यंत गर्व, सम्मान और खुशी का पल होता है, जो कड़ी मेहनत, देशभक्ति और राष्ट्र सेवा के सपने के पूरा होने का प्रतीक है, जिससे न सिर्फ चयनित व्यक्ति, बल्कि उसका परिवार और पूरा देश गौरवान्वित महसूस करता है। यह साहस, अनुशासन और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है, जहाँ व्यक्ति देश को सर्वोपरि रखता है और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार रहता है, जो जीवनभर के अनुभवों और सम्मान का मार्ग प्रशस्त करता है।

कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष सुनील नागर देवकीनंदन नागर इंद्रेश नगर अनिल नागर, तेज करन नागर, हीरालाल नागर,रामनिवास नगर रामस्वरूप नागर देवकरण नागर मनीष नागर हंसराज नागर राजेंद्र नागर आदि समाज बंधु उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन के पोस्टर व पंजीकरण का भव्य वर्कशॉप आयोजित

स्मार्ट हलचल| कोटा

दिगंबर जैन समाज में वैवाहिक संस्कारों को सुदृढ़ करने तथा युवाओं को उपयुक्त जीवनसाथी चयन हेतु प्रभावी मंच उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत दिगंबर जैन सोशल ग्रुप लेडीज यूनिटी एवं पुण्योदय अतिशय क्षेत्र नासियांजी के संयुक्त तत्वावधान में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन के पोस्टर एवं पंजीकरण फॉर्म का भव्य वर्कशॉप नासियांजी अतिशय क्षेत्र परिसर में संपन्न हुआ।

यह राष्ट्रीय सम्मेलन आगामी 25 जनवरी 2026 को इंदौर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पंजीकरण आवेदन



पत्र का विधिवत विमोचन भी किया गया।

फेडरेशन के राष्ट्रीय प्रभारी जे. के. जैन ने सम्मेलन की आवश्यकता, उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज के अधिकाधिक परिवारों से जीकरण कराने का आह्वान किया, जिससे व्यापक सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

अतिशय क्षेत्र के अध्यक्ष जम्बू जैन सर्राफ ने कहा कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज की व्यस्त जीवनशैली में जीवनसाथी चयन का एक विश्वसनीय एवं सशक्त सामाजिक माध्यम है। यह मंच परिवारों को सीधे संवाद, आपसी समझ और सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप निर्णय लेने का अवसर प्रदान करता है, जिससे समय व संसाधनों की बचत के साथ सामाजिक संबंध भी मजबूत होते हैं।

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप लेडीज यूनिटी की अध्यक्षा मधु शाह एवं सचिव कविता दुगेरिया ने आश्वस्त किया कि लेडीज यूनिटी, पुण्योदय अतिशय क्षेत्र समिति के सहयोग से अधिकाधिक युवक-युवतियों का पंजीकरण सुनिश्चित करेगी, ताकि यह आयोजन समाज के लिए सार्थक सिद्ध हो सके।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेश हरसौरा, रीजन अध्यक्ष अनिल ठौरा, राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव राकेश पाटौदी, राष्ट्रीय समन्वयक पीयूष जैन, जिनेश जैन (दादाबाड़ी), संजय दुगेरिया, संजय सिंह, चंदन जैन, शालिनी गर्ग, विमलेश कासलीवाल, महेंद्र लक्ष्मी गोधा, नम्रता सहित समाज एवं सोशल ग्रुप के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# यूरिया खाद की आपूर्ति जारी, कालाबाजारी पर सख्त निगरानी



**चित्तौड़गढ़।** जिले में रबी फसल 2025 के अंतर्गत गेहूं की बुवाई एक साथ होने के कारण यूरिया उर्वरक की मांग में वृद्धि हुई है, अक्टूबर में जिले भर में हुई अच्छी वर्षा के चलते किसानों द्वारा व्यापक स्तर पर गेहूं की बुवाई की गई है। गत वर्ष गेहूं का क्षेत्रफल 1 लाख 4 हजार 150 हेक्टेयर था, जबकि रबी 2025 में अब तक 1 लाख 55 हजार 110 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की बुवाई हो चुकी है, जिससे यूरिया की मांग बढ़ी है।

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रबी 2025 में जिले की कुल अनुमानित मांग 55,500 मैट्रिक टन यूरिया के विरुद्ध अब तक लगभग 46,000 मैट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति हो चुकी है। जिले में यूरिया की आपूर्ति निरंतर जारी है। हाल ही में इफको की एक रैक प्राप्त हो चुकी है तथा इसी सप्ताह 1-2 अतिरिक्त रैक और प्राप्त होने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि वह आवश्यकता अनुसार ही उर्वरक का क्रय करें तथा तरल नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों का अधिक उपयोग करें, जिससे पौधों को नाइट्रोजन की सटीक मात्रा प्राप्त हो सके। जिले में यूरिया की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

# युडीए ने पकड़ी सिक्युरिटी एफडीआर में जालसाजी

## 5 फर्मों को नोटिस, 1.91 करोड़ रूपए सिक्युरिटी एफडीआर जब्त

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों एवं ठेकेदारों के पंजीकरण से जुड़ी प्रक्रियाओं में गंभीर वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। जांच में खुलासा हुआ है कि कुछ संवेदक/ठेकेदार फर्मों ने निविदा प्रक्रिया के तहत सिक्योरिटी राशि के रूप में मूल एफडीआर के स्थान पर रंगीन फोटोकॉपी जमा कराई और बिना प्राधिकरण की लिखित अनुमति अथवा अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंधित बैंक से मूल एफडीआर को निर्धारित अवधि से पहले ही भुना लिया। प्रारंभिक पड़ताल में गंभीर अनियमितता सामने आने पर युडीए ने 5 फर्मों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है। साथ ही 1.91 करोड़ की सिक्युरिटी एफडीआर जब्त कर ली हैं। उदयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा युनियन बैंक ऑफ इंडिया न्यू फतेहपुरा शाखा, उदयपुर से कराए गए सत्यापन में यह तथ्य सामने आया कि मैसर्स अलीफ कंस्ट्रक्शन, मैंसर्स फैज कंस्ट्रक्शन, मैसर्स हनफी कंस्ट्रक्शन, मैसर्स मीरा कंस्ट्रक्शन तथा मैसर्स उमैर कंस्ट्रक्शन द्वारा इस प्रकार की कुल 23 एफडीआर समयपूर्व भुना ली गईं। यह कृत्य प्राधिकरण को आर्थिक क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया पाया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए संबंधित फर्मों के विरुद्ध थाना अंबामाता, उदयपुर में धोखाधड़ी, जालसाजी एवं आपराधिक षड्यंत्र के आरोपों में मामला दर्ज कराया गया है। इसके साथ ही प्राधिकरण ने संबंधित संवेदकों के साथ किए गए सभी अनुबंध एवं कार्यादेश निरस्त कर दिए हैं तथा नियमानुसार विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

जैन ने बताया कि प्रकरण में जारी नोटिसों के बाद संवेदकों ने गबन छुपाने के इरादे से पूर्व में भुनाई गई समस्त एफडीआर राशि को पुनः बैंक में नई एफडीआर के रूप में जमा कराया गया, जिसे बैंक द्वारा प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया गया। युडीए ने कड़ा रुख अपनाते हुए इन नई एफडीआर की कुल राशि 1 करोड़ 91 लाख 86 हजार 200 को जब्त कर लिया है। प्रकरण की विस्तृत जांच जारी है तथा दोषी पाए जाने वाले संवेदकों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 1971 की जीत सेना के शौर्य और इंदिरा गांधी के नेतृत्व की मिसाल-जाड़ावत



स्मार्ट हलचल| ओम जैन

**चित्तौड़गढ़।** शहर कांग्रेस के तत्वाधान ने शहीद स्मारक पर पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के सानिध्य में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने विजय दिवस मनाया पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि 1971 के युद्ध की विजय भारतीय सेना के शौर्य और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के दूरदर्शी एवं साहसिक नेतृत्व की मिसाल है उन्होंने शहीद स्मारक पर भारतीय सैनिकों के शौर्य और बलिदान को नमन भी किया।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि विजय दिवस हर वर्ष 16 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध लड़ने वाले सैनिकों के सम्मान में मनाया जाता है, जिसका समापन पाकिस्तान की सेना के आत्मसमर्पण के साथ हुआ था। जनरल ए ए खान नियाजी के नेतृत्व में लगभग 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों ने हथियार डाल दिए थे। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद किसी सेना द्वारा किए गए सबसे बड़े आत्मसमर्पण में से एक था।

प्रवक्ता नवरतन जीनगर ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रेम प्रकाश मूंदड़ा, शहर अध्यक्ष अनिल सोनी, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम जाट, प्रदेश सचिव रणजीत लोठ, जिला संगठन महामंत्री महेंद्र शर्मा, पूर्व सभापति रमेशनाथ योगी सहित अन्य जनप्रतिनिधि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डाइट में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

## शिक्षकों ने सीखी हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड भरने की बारीकियां

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट उदयपुर के मूल्यांकन प्रभाग द्वारा द्वारा डाइट वार्षिक पंचाग की अनुमोदित गतिविधि के तहत सोमवार दिनांक 16 दिसंबर से 2 दिवसीय हॉलिस्टिक प्रोग्रेस रिपोर्ट से संबंधित प्रशिक्षण डाइट उदयपुर में शुरू हुआ।

उदघाटन अवसर पर सीएमडीई प्रभागाध्यक्ष तेजपाल जैन द्वारा संभागीयों को संबोधित करते हुए



प्रशिक्षण की बारीकियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर दक्ष प्रशिक्षक अनुरागा गुप्ता एवं डॉ. हेमलता आमेटा द्वारा उदयपुर एवं सलूंबर जिले के विभिन्न ब्लॉक से आए हुए 40 ब्लॉक संदर्भ व्यक्तियों को फाउंडेशन, प्रिपेरटॉरी एवं मिडिल स्तर पर एचपीसी भरने की संपूर्ण जानकारी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दी गई।

क्या है होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड ?

होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड (एचपीसी) छात्रों के मूल्यांकन का एक नया तरीका है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत लाया गया है, यह सिर्फ अंकों या ग्रेड पर नहीं, बल्कि छात्र के सम्पूर्ण विकास (शैक्षणिक, सामाजिक-भावनात्मक, रचनात्मकता और शारीरिक) का 360-डिग्री मूल्यांकन करता है, जिसमें शिक्षक, माता-पिता, सहपाठी और स्वयं छात्र भी शामिल होते हैं, ताकि बच्चे की सीखने की पूरी तस्वीर मिल सके।

# शशिकांत शर्मा बने राजस्थान ब्राह्मण महासंघ भरतपुर के विधानसभा अध्यक्ष





स्मार्ट हलचल| वैर

राजस्थान ब्राह्मण महासंघ भरतपुर जिला अध्यक्ष ब्राह्मण समाज मोहनलाल शर्मा एडवोकेट द्वारा जिला कार्यकारिणी की सहमति से ब्राह्मण समाज का विस्तार करते हुए कार्य की प्रशंसा करते हुए पुनः शशिकांत शर्मा निवासी दाऊजी के मंदिर के सामने वैर को राज-स्थान ब्राह्मण समाज के विधानसभा अध्यक्ष के पद पर पुन नियुक्त किया गया है। बनाए जाने पर ब्राह्मण समाज में एकता आई। और ब्राह्मण समाज में हो रही कुरीतियां दूर हुई ।शशिकांत शर्मा काफी समय से ब्राह्मण समाज में सेवा का कार्य कर रहे हैं उनकी ब्राह्मण समाज के प्रति एक निष्ठा मान ब्राह्मण समाज सेवी होने पर ब्राह्मण समाज का विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया है ।इस समय वर्तमान भरतपुर जिले में कम निष्ठा से पत्रकार सबसे आगे भी रहे हैं। हमेशा आगे बढ़ते रहते है। समाज के सभी भाइयों ने पदाधिकारी ने हार्दिक शुभकामनाएं बधाई दी और गांव रायपुर से भरत सिंह फौजी, कैलाश गुर्जर, हुकम सिंह, (कल्ला) दान सिंह, आदेश सिंह, द्वारा साफा माला पहनाकर कर स्वागत किया एवं सभी को मिठाई वितरित की गई। जानकारी में बताया गया की जिला अध्यक्ष मोहल्ला शर्मा के तत्वाधान में नियुक्ति दी गई जिन्होंने पहले समाज के लिए कार्य किया जो बहुत ही सहनीय थे ।इस समय उनका कार्य समाज के प्रति बहुत अच्छा रहा है।

# विधानसभा के बूथ लेवल अधिकारी व सुपरवाइजर्स का सम्मान समारोह



**बेगूं।** बानोड़ा बालाजी परिसर में लोकतंत्र के प्रहरियों बूथ लेवल अधिकारी व सुपरवाइजर का सम्मान समारोह जिला कलक्टर आलोक रंजन, रावतभाटा अतिरिक्त जिला कलक्टर विनोद कुमार मल्होत्रा के मुख्य आतिथ्य, उपखंड अधिकारी अंकित सामरिया की अध्यक्षता एवं गंगरार उपखंड अधिकारी पुनीत कुमार गेलड़ा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया।

जानकारी के अनुसार समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। अधिकारियों ने बेगूं विधानसभा क्षेत्र के गंगरार, बेगूं एवं रावतभाटा से आए हुए 314 बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में बेगूं तहसीलदार गोपाल जीनगर, रावतभाटा तहसीलदार विवेक गरासिया, गंगरार तहसीलदार पुष्पेंद्र सिंह राजावत, बेगूं नायब तहसीलदार विष्णु कुमार यादव, पारसोली नायब तहसीलदार रामचंद्र वैष्णव, नानालाल धाकड़ जावदा, रामप्रसाद खटीक साड़ास मौजूद रहे।

# पालीवाल ब्राह्मण समाज के चुनाव में यशवन्त पालीवाल निर्विरोध अध्यक्ष बने

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

पालीवाल ब्राह्मण समाज संस्था के चुनाव 68, पिछोली समाज नोहरे में संपन्न हुए, जिसमें सभी पदों पर चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी एडवोकेट श्री रामकृपा के निर्देशन में हुए इस चुनाव में समाज के सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। अध्यक्ष पद पर यशवन्त पालीवाल, उपाध्यक्ष सत्यनारायण पालीवाल, महामंत्री एडवोकेट सुरेन्द्र पालीवाल, महिला अध्यक्ष तरुणा पुरोहित, मंत्री मधु पालीवाल, युवा अध्यक्ष संजय पालीवाल और मंत्री अक्षय पालीवाल सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए।



चुनाव के अंत में हुई आमसभा में पूर्व महामंत्री पंकज पालीवाल और चुनाव समिति संयोजक श्यामसुंदर जोशी सहित सभी पूर्व पदाधिकारी उपस्थित रहे और निर्वाचित बंधुओं को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर बडगांव पूर्व प्रधान खूबिलाल पालीवाल, गोविन्द पालीवाल, एडवोकेट चंद्रशेखर पालीवाल, तथा वीर चक्र प्राप्त दुर्गाशंकर पालीवाल सहित समाज के 200 से अधिक महानुभाव उपस्थित रहे।

समाज के प्रचार प्रमुख तरुण पालीवाल ने बताया कि निर्विरोध चुनाव समाज की एकता और सहयोग का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नए निर्वाचित पदाधिकारी समाज के कल्याण, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। इस चुनाव ने पालीवाल ब्राह्मण समाज में नेतृत्व की जिम्मेदारी, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को स्थापित करते हुए समाज के सदस्यों में उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ाया है। आगामी कार्यकाल में समाज की योजनाओं और गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के लिए नए पदाधिकारी प्रयासरत रहेंगे।

# टोंक-सवाई माधोपुर रोडवेज चालक-परिचालकों की मनमानी से यात्रियों को करना पड़ रहा है परेशानियों का सामना

**जनसुनवाई में विधायक राजेंद्र गुर्जर कों सौंपा ज्ञापन,ग्रामीणों ने दिया तीन दिन का अल्टिमेटम, रोडवेज़ बसों के चालक अपनी मनमर्जी से कर रहे हैं बसों का ठहराव।**

स्मार्ट हलचल

नगर फोर्ट उनियारा उपखण्ड क्षेत्र के चौरू में टोंक-सवाई माधोपुर नेशनल हाईवे मार्ग पर चलने वाली राजस्थान रोडवेज़ परिवहन निगम की बसों के चालक एवं परिचालाकों की मनमानी को लेकर कुछ दिन पहले ही पुर्व में उनियारा उपखंड अधिकारी को जनसुनवाई में अवगत कराया की राजस्थान परिवहन की मनमानी,को लेकर जनसुनवाई में ग्रामीणों ने अवगत कराया की चालक परिचालक अपनी मर्जी से बाईपास से उतारकर चले जाते हैं और कहते हैं कि हम अंदर नहीं जाएंगे हमारा स्टॉपेज नहीं है यह कहकर उतार देते हैं।टोंक सवाई माधोपुर रोडवेज विभाग लापरवाही या अनदेखी व हठधर्मिता पूर्ण रवैया का नजारा यहां खुलेआम देखा जा सकता है। चालक परिचालक चौरू बस स्टेण्ड पर यात्रियों को नहीं उतार कर बस स्टेण्ड से दो किलोमीटर की दूरी पर बायपास पर ही उतार देते है।और चौरू बस स्टैंड की सवारी बैठाने के लिए मना कर देते हैं। जिससे महिला यात्रियों सहित अन्य यात्रियों को चौरू से चौथ माता के दर्शन के लिए यात्रियों को पहुंचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। टोंक व सवाई माधौपुर डिपो के अधिकारियों की कथित अनदेखी एवं उदासीनता के चलते हुए इस मार्ग पर रोडवेज़ बसों के चालक अपनी मनमर्जी से बसों का ठहराव कर रहे हैं। ऐसे में दोनों डिपों की अधिकांश बसे चौरू बाइपास से निकलने के कारण चौरू बस स्टेण्ड पर आवागमन करने वाले यात्री घण्टों तक बसों के आने का इंतजार करते रहते हैं। काफी इंतजार करने के बाद भी बसों के नहीं आने के कारण यात्रियों को मजबूरन अधिक किराया देकर प्राइवेट बसों से यात्रा करनी पड़ रही है। जिससे राज्य सरकार को रोजाना राजस्व हानी उठानी पड़ रही है।यात्रियों को चौरु बस स्टैंड का टिकट दिया जाता है और उनको दो किलोमीटर पहले ही उतार दिया जाता है। इससे क्षेत्र के लोगों में रोडवेज चालकों परिचालकों के प्रति दिनोंदिन रोष बढ़ता जा रहा है। चौरू से चौथ का



बरवाड़ा लसाडिया,सहिदाबाद,मोल वीनगर,कासिमपुरा,चौरु आदि के ग्रामीणों ने जानकारी में बताया कि पुर्व में उनियारा उपखण्ड अधिकारी को चौरु में जनसुनवाई के दौरान पत्र देकर अवगत कराया गया है। लेकिन रोडवेज विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अभी तक कोई समस्या का समाधान नहीं किया गया है। टोंक की ओर से उनियारा अलीगढ़ होते हुए आने वाली रोडवेज बसों का भी यही हाल है वह भी चौरु बाईपास पर ही यात्रियों को उतरने के लिए मजबूर कर देते हैं। इससे बायपास पर रोजाना यात्रियों और चालकों-परिचालकों के बीच आए दिन झगड़े फसाद गालीगलौच होती रहती हैं। वहीं ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद भी इस ओर ध्यान नहीं देकर मूकदर्शक बने हुए हैं। विधालय व कॉलेजों में जाने वाली छात्र छात्राओं ने कि पीड़ा जाहिर विधालय व कॉलेजों में कुछ दिन बाद से सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। परीक्षाएं शाम 5 बजे तक चलती हैं। शाम को महिलाओं के लिए बसों की सुविधा तों लेकिन छात्र छात्राओं देरी होने के कारण रोडवेज बस स्टैंड पर नहीं जानें से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।महिलाएं और युवतियां इसे बहुत बड़ी खामी बताती हैं। छात्र छात्राओं का कहना है कि शाम को तो बाई पास पर बसें उतार कर चले जाते हैं। युवतियों का कहना है कि अधिकतर पेपर दोपहर बाद निर्धारित होने के कारण छात्राओं को घर लौटने में दिक्कत आती है। वहीं चौरु बाईपास पर ही यात्रियों को उतरने के लिए मजबूर कर देतें हैं। जबकि परीक्षा ही 5 बजे खत्म होती है। बस स्टैंड तक जाते जाते 5:30 बज जाते हैं। गांव पहुंचते ही शाम हो जाती है।ऐसे में छात्रा छात्राओं को चालक परिचालक चौरू बस स्टेण्ड पर यात्रियों को नहीं उतार कर रात के समय में बस स्टेण्ड से दो किलोमीटर की दूरी पर बायपास ही उतार देते है। जिससे महिलाओं को शाम के समय असामाजिक तत्वों से छात्र छात्राओं को अनहोनी का भी डर सताता रहता है।

उनियारा उपखंड अधिकारी को जनसुनवाई में अवगत कराया की राजस्थान परिवहन की मनमानी,को लेकर जनसुनवाई में ग्रामीणों ने अवगत कराया था की चालक परिचालक अपनी मर्जी से बाईपास से उतारकर चले जाते हैं और कहते हैं कि हम अंदर नहीं जाएंगे हमारा स्टॉपेज नहीं है यह कहकर उतार देते हैं। अलीगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत चौरु में मंगलवार को अटल सेवा केन्द्र में जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने एमएम क्षेत्र के विधायक राजेंद्र गुर्जर को टोंक-सवाई माधोपुर नेशनल हाईवे मार्ग पर चलने वाली राजस्थान रोडवेज़ परिवहन निगम की बसों के चालक एवं परिचालाकों की मनमानी को लेकर ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि फिर भी तीन दिनों के बाद भी राजस्थान रोडवेज़ परिवहन निगम की बसे अंदर तक नहीं आती है तो ग्रामवासियों द्वारा अनशन पर बैठने की चेतावनी दी है।

# बेटे ने मां-बाप की बेरहम हत्या कर कार में भरकर नदी में फेंका शव

**गंगा स्नान कर घाटों पर घूमता रहा इकलौता बेटा**
**जौनपुर डबल मर्डर का खौफनाक सच**

स्मार्ट हलचल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले से रिश्तों को झकझोर देने वाला दोहरा हत्याकांड सामने आया है। जफराबाद थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव में इकलौते बेटे ने पैसों के विवाद में अपनी ही मां और पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने ऐसा नाटक रचा कि पूरे गांव और रिश्तेदारों को कई दिनों तक गुमराह करता रहा, लेकिन आखिरकार पुलिस की सख्ती के आगे सारा सच उगल दिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी अम्बेश कुमार ने कबूल किया कि 8 दिसंबर की रात करीब आठ बजे उसका माता-पिता से पैसों को लेकर झगड़ा हुआ। गुस्से में उसने पहले मां बबिता देवी के सिर पर सिलबट्टे से वार किया, फिर पिता श्याम बहादुर के सिर पर भी सिलबट्टा दे मारा। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद उसने घर में किसी के न होने का फायदा उठाया और दोनों शवों को बोरे में भर दिया।

हत्या के बाद अम्बेश ने शवों को ठिकाने लगाने की साजिश रची। पिता के पैसों से खरीदी गई कार में शव रखकर वह करीब आठ किलोमीटर दूर बेलाव घाट पहुंचा और बोरे सहित दोनों शवों को गोमती नदी में फेंक दिया। इसके बाद वह घर लौट आया, ताकि किसी को शक न हो।

अगले दिन आरोपी ने खुद को मासूम दिखाने के लिए माता-पिता को खोजने का नाटक शुरू किया। रिश्तेदारों और परिचितों को फोन कर उनके लापता होने की खबर दी। 12 दिसंबर को वह खुद भी लापता हो गया। जब कई दिनों तक कोई सुराग नहीं मिला तो वाराणसी के सिंधौरा थाना क्षेत्र के कटौना गांव निवासी बहन वंदना को अनहोनी की आशंका हुई। उसने जफराबाद थाने पहुंचकर माता-पिता और भाई तीनों की गुमशुदगी दर्ज कराई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तीन टीमों का गठन किया। इसी बीच आरोपी अम्बेश वाराणसी पहुंच गया, जहां गंगा स्नान करने के बाद उसे घाटों पर घूमते देखा गया। पुलिस की नजर जैसे ही उस पर पड़ी, वह घबरा गया। घर के पास लौटते समय पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में वह सवालों में उलझ गया और आखिरकार दोहरे हत्याकांड की पूरी कहानी बता दी।

मृतक श्याम बहादुर रेलवे में लोको पायलट थे और चार महीने पहले ही सेवानिवृत्त हुए थे। वह मूल रूप से थानागद्दी के खरसेनपुर के रहने वाले थे, लेकिन ससुराल अहमदपुर गांव में नवासा पाए थे और वर्षों से परिवार के साथ वहीं रह रहे थे। उनकी तीन बेटियां हैं और अम्बेश इकलौता बेटा था।

पुलिस के खुलासे के बाद गोमती नदी में शवों की तलाश शुरू कर दी गई है। 15 गोताखोर नदी में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। एएसपी सिटी के अनुसार आरोपी के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उससे लगातार पूछताछ की जा रही है।

जांच में यह भी सामने आया है कि अम्बेश ने पांच साल पहले कोलकाता की एक महिला से प्रेम विवाह किया था, जो वहां पार्लर चलाती थी। माता-पिता इस शादी से खुश नहीं थे और बहू को पसंद नहीं करते थे। इसी बात को लेकर घर में अक्सर विवाद होता रहता था। गांव वालों का कहना है कि अम्बेश अपनी पत्नी के साथ कोलकाता शिफ्ट होना चाहता था और इसके लिए पिता के पैसों पर उसकी नजर थी।

चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर का अम्बेश ननिहाल में आरामदायक जिंदगी जी रहा था। कार चलाने का शौक था और उसी कार में उसने अपने माता-पिता के शवों को ठिकाने लगाया। सोमवार रात उसके घर पर ताला लटका रहा और गांव में उसकी करतूत की चर्चा होते ही लोग सन्न रह गए। जिसने जन्म दिया, उसी को मौत के घाट उतारने वाले बेटे के लिए गांव में अब सिर्फ नफरत और आक्रोश बचा है।

# 47 किलो डोडा पोस्त जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार, कार भी सीज, साकेतनगर पुलिस सहित डीएसटी की कार्रवाई

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ब्यावर में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।

ब्यावर जिला स्पेशल टीम और साकेतनगर पुलिस थाना ने संयुक्त रूप से 47.760 किलोग्राम डोडा पोस्त जब्त किया। इस दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त कार को भी सीज किया गया।

यह कार्रवाई ब्यावर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और ब्यावर सिटी वृत्ताधिकारी के निकट सुपरविजन में की गई। संयुक्त टीम का नेतृत्व साकेतनगर थानाधिकारी ने किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 15 दिसंबर 2025 को जिला स्पेशल




टीम को बिजयनगर की ओर से आ रही एक सफेद कार में अवैध मादक पदार्थ होने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर पुलिस ने बिजयनगर पुलिया के नीचे नाकाबंदी की। संदिग्ध सफेद कार के आते ही ड्राइवर ने पुलिस के इशारे को नजरअंदाज करते हुए नाकाबंदी तोड़ दी और कार लेकर भागने का प्रयास किया।

पुलिस टीम ने तुरंत पीछा कर कार को रुकवाया। कार में सवार दो व्यक्तियों से पूछताछ की गई, लेकिन वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। तलाशी के दौरान कार के अंदर दो प्लास्टिक के कट्टों में भरा 47.760 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर ही डोडा पोस्त जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तस्करी में इस्तेमाल की गई कार को भी सीज कर दिया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और आगे की जांच जारी है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धर्मेंद्र (33), पुत्र जालाराम, निवासी झुझण्डा, थाना जैतारण, जिला ब्यावर और सद्दाम (28), पुत्र रफीक, निवासी शेखों का बास, थाना जैतारण, जिला ब्यावर के रूप में हुई है।

धर्मेंद्र के खिलाफ पूर्व में रायपुर पुलिस थाना में एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला (प्रकरण सं. 226/24.06.2021) दर्ज है। सद्दाम के खिलाफ जैतारण पुलिस थाना में भारतीय दंड संहिता की धारा 341 और 323 के तहत मामला (प्रकरण सं. 184/12.04. 2015) दर्ज है। पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

# शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, तीन झुलसे



**निम्बाहेड़ा।** सदर थाना क्षेत्र के नीमच-चित्तौड़गढ़ रोड स्थित एक ट्रांसपोर्ट व्यापारी की दुकान में शॉट सर्किट से लगी आग से तीन व्यक्ति झुलस गये जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया।

सदर थाना अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि मंगलवार दोपहर को सूचना मिली की वंडर सीमेंट रोड के पास स्थित दुकान में आग लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फायर बिग्रेड को सूचना दी। सूचना मिलने पर नगर परिषद, जेके सीमेंट और वंडर सीमेंट की फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। गनीमत ये रही कि दुकान में रखी मौजूद गैस टंकी और आयल ड्रम आग की चपेट में आने से बच गये वरना बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने बताया कि हादसे के समय शाकिर खान, शाहिद खान और नईम दुकान में कार्य कर रहे थे जो भी इस आग की चपेट में आने से घायल हो गये। घायलों को गंभीरावस्था में चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर उच्च ईलाज के लिए रेफर कर दिया।

# शराब तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**कपासन।** पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के मामले में पिछले एक माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफतार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 11 नवम्बर को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पांडोली स्टेशन स्थित शराब ठेके के बाहर खड़ी ब्रेजा कार से अवैध अंग्रेजी शराब जब्त कर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान सहायक उपनिरीक्षक भैरूलाल के जिम्मे किया। अनुसंधान अधिकारी ने मंगलवार को गठित टीम के साथ आरोपी गोहिल जगदीश भाई उर्फ जग्गा पिता गणपत गोहिल निवासी साकरदा उण्डीपुरा पुलिस थाना नंदेशरी जिला वडौदरा गुजरात को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# युडीए द्वारा भू खण्ड आवंटन ई-लॉटरी अब 25 को

स्मार्ट हलचल । उदयपुर

उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कुल 1109 आवासीय भूखण्डों के आवंटन हेतु ई- लॉटरी का आयोजन अब 25 दिसम्बर को किया जाएगा। यूडीए सचिव हेमेंद्र नागर ने बताया कि 16 दिसम्बर से प्रारंभ हुए शहरी समस्या समाधान शिविरों के चलते लॉटरी स्थगित की गई है। अब यह ई-लॉटरी 25 दिसम्बर को पूर्णतः ऑनलाईन माध्यम से, पूर्ण पारदर्शिता के साथ, जिला कलेक्टर महोदय द्वारा नामित प्रतिनिधि, प्राधिकरण अधिकारियों एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की जायेगी।

# क्षत्रिय कुमावत समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की मीटिंग सम्पन्न

स्मार्ट हलचल। शाहपुरा

क्षत्रिय कुमावत समाज विकास समिति शाहपुरा द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन भामाशाह व प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए मीटिंग का आयोजन अध्यक्ष भंवरलाल धमाणिया तहनाल की अध्यक्षता में सत्यनारायण भगवान के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया जिसमें नवनियुक्त धानेश्वर चौखला अध्यक्ष सत्यनारायण कांकर मुहला कोषाध्यक्ष रामप्रसाद मैरावडिंया सरवाड़ व महामंत्री शिवराज ओतवाल वकील साहब समस्त कार्यकारिणी का सभी समाज बंधुओं द्वारा सम्मान किया गया, नवनियुक्त अध्यक्ष ने सभी समाजबंधुओं को आश्वस्त किया



कि आने वाले कार्यकाल के पांच वर्षों में समाज को साथ लेकर चलेंगे और समाज को सभी कुरितियों से बाहर निकालेंगे और 23 जनवरी को होने वाले सम्मेलन में भी धानेश्वर अध्यक्ष ने बताया की पुरा समाज तन मन और धन से समर्पित रहेगा और प्रयास रहेगा कि कम से कम खर्चे पर विवाह सम्पन्न हो , वैवाहिक सम्मेलन के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र देवतवाल ने अब तक का आय व्यय का लेखा जोखा पेश किया व सचिव कैलाश डोराया पूर्व के किए गए कार्यो का विवरण पेश किया वह आगामी कार्य योजना पर चर्चा की गई।अंत में अध्यक्ष भंवरलाल धमाणिया ने आव्हान किया कि सभी समाज बंधु सम्मेलन में सक्रिय रहकर सहयोग करें। मीटिंग में समाज बंधु कैलाश दोबलदिया महावीर कांकर सांवर लाल राजेश मांडेला उपाध्यक्ष तुलसीराम महावीर डूंगरवाल शिवराज गेगवा पंकज मांडेला कालू नागोरा द्वारका मांडेला रमेश रामेश्वर फुछेरिया किशनलाल लादू जालवल परमेश्वर ओस्तवाल भंवरलाल बासनीवाल सांवरलाल भदानिया भेरू दोबलदिया कैलाश जलानधरा मुकेश जालवाल आदि समाज जन उपस्थित थे। अंत में भंवरलाल धमानिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# प्रिंस जांगिड़ जेठाणिया खेल मंत्री नियुक्त

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** ब्यावर श्री जांगिड़ ब्राह्मण युवा संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का गठन व शपथ ग्रहण समारोह श्री विश्वकर्मा भवन, मेवाड़ी गेट बाहर, ब्यावर में सौहार्दपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण के साथ किया गया। समारोह में समाज के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जांगिड़ ब्राह्मण नवनिर्वाचित युवा संघ ब्यावर की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें प्रिंस जांगिड़ जेठाणिया को खेल मंत्री नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में समाज की एकता, युवाओं की भागीदारी एवं संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया।

# महात्मा गांधी का नाम हटाने तथा रोजगार के कानूनी अधिकार को समाप्त करना भाजपा की साजिश

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** भाजपा-आरएसएस द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को कमजोर किए जाने के विरोध में कांग्रेस द्वारा जोरदार आंदोलन किया जाएगा। ब्यावर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी की अध्यक्षता में चांग गेट पर एक शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

धरना-प्रदर्शन में मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने तथा रोजगार के कानूनी अधिकार को समाप्त करने की कथित साजिश के खिलाफ विरोध दर्ज कराया जाएगा। किशोर चौधरी ने कहा कि मनरेगा करोड़ों गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों के लिए जीवनरेखा है, और इसे कमजोर करना सीधे तौर पर उनकी रोजी-रोटी पर हमला है।

विरोध प्रदर्शन महात्मा गाँधी सर्किल पर कल आयोजित होगा जिसमे ब्यावर जिले के सभी ब्लॉक, मंडल एवं बूथ स्तर एवं वरिष्ठ कांग्रेस जन और पदाधिकारी भाग लेंगे। प्रदर्शन के दौरान महात्मा गांधी के चित्रों के साथ कार्यक्रम आयोजित कर उनके विचारों और सामाजिक न्याय की भावना को सामने रखा जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नए कानून से गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को उजागर किया जाएगा तथा केंद्र सरकार से मनरेगा को पूर्ण रूप से लागू रखते हुए इसके अधिकारों की रक्षा की मांग की जाएगी।

# राजस्थान के अस्पतालों में 100 से अधिक विशिष्ट जांचें होंगी फ्री

स्मार्ट हलचल। जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को राज्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत हब और स्पोक मॉडल की शुरुआत की। इस मॉडल के तहत, राज्य के 400 स्पोक और 11 मदर लैब्स में मरीजों को ट्रोपोनिन, कैंसर मार्कर, बायोप्सी, थैलेसीमिया, हेपेटाइटिस, थायराइड जैसी 100 से अधिक विशिष्ट जांचें निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। इस पहल से सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने की



दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने आरयूएचएस चिकित्सालय में आयोजित राज्य स्तरीय आरोग्य शिविर और रक्तदान शिविर के दौरान हील इन राजस्थान पॉलिसी, 2025 का विमोचन भी किया। यह नीति राज्य को कम लागत में विश्वसनीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

### निःशुल्क चश्मा वितरण अभियान की होगी शुरुआतः

मुख्यमंत्री ने गर्भवती महिलाओं के लिए एनीमिया मुक्त करने के लिए एफसीएम इंजेक्शन अभियान और विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क चश्मा वितरण अभियान की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में चिकित्सा विभाग में 35,000 पदों पर भर्ती की गई है, और 15,000 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है।

### घर बैठे मिलेगी रिपोर्ट

हब एवं स्पोक मॉडल में जिला अस्पतालों से लेकर तहसील स्तर तक की इकाइयां जुड़ी हैं। मरीजों के सैंपल कलेक्शन से लेकर रिपोर्टिंग तक सभी कार्यों का ऑनलाइन रिकॉर्ड रखा जाएगा, जिससे मरीजों को घर बैठे रिपोर्ट मिल सकेगी। इसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जांचों की संख्या 37 से बढ़कर 101 और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 15 से बढ़कर 66 हो जाएगी।

# एरिया डोमिनेशन अभियानः सावर पुलिस की कार्रवाई, 8 गिरफ्तार



स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** पुलिस अधीक्षक अजमेर वंदिता राणा (आईपीएस) के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत सावर थाना पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए 8 संदिग्ध एवं चालानशुदा आरोपियों को गिरफ्तार किया।

वृताधिकारी केकड़ी हर्षित शर्मा (आरपीएस) के सुपरविजन में थानाधिकारी राधेश्याम चौधरी के नेतृत्व में गठित विशेष टीमों ने थाना क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध सघन जांच-पड़ताल की। इस दौरान पूर्व में चालानशुदा अपराधियों के खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के तहत इंसदादी कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

अभियान का उद्देश्य सोशल मीडिया पर अपराधियों का महिमामंडन करने वालों, वांछित एवं आदतन अपराधियों, संगठित गिरोहों, स्थायी वारंटियों एवं संपत्ति संबंधी अपराधों में लिप्त तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रखना रहा। कार्रवाई में उप निरीक्षक सरदार सिंह, हेड कांस्टेबल भंवरलाल सहित कांस्टेबल छोटूराम, रमेशचंद, मुकेश, विजय, चेतन एवं सांवरलाल शामिल रहे।

# पनवाड़ सरकारी स्कूल के सोनू सैनी ने विधानसभा मोक सत्र में अपने विचार व्यक्त किये

स्मार्ट हलचल । देवली/टोंक

देवली उपखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पनवाड़ के कक्षा बारहवीं के छात्र सोनू सैनी पुत्र प्रेमचंद माली ने विधानसभा में मोक् सत्र के दौरान अपने विचार व्यक्त किए।प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय की प्रधानाचार्य सुशीला देवी मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यार्थियों में 21वीं सदी के कौशलों के विकास के उद्देश्य से केवल किताब विज्ञान देना ही पर्याप्त नहीं है।वर्तमान समय में उन्हें जीवन एवं व्यावहारिक दक्षताओं में निपुण बनाया जाना आवश्यक है 21वीं साड़ी के विभिन्न कौशलों के विकास हेतु सत्र 2025-26 में राजस्थान के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए प्रबल कार्यक्रम संचालन किया जा रहा है।इसी प्रकार विद्यालय के छात्र सोनू सैनी ने सर्वप्रथम विद्यालय स्तर पर फिर



ब्लॉक स्तर पर उसके बाद जिला स्तर पर अंतिम सीढ़ी राज्य स्तर पर चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन कियाद्यऔर बताया की 41 जिलों में से 164 विद्यार्थियोंको राज्य स्तर पर भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ164 विद्यार्थियों में से भी केवल 24 विद्यार्थियों को विधानसभा मोक् सत्र में अपने विचार अभिव्यक्त करने का अवसर प्राप्त हुआ इन 24 विद्यार्थियों में सोनू सैनी ने अपनी जगह बनाकर विद्यालय गांव ब्लॉक जिले एवं राज्य का नाम रोशन किया बरखा अग्रवाल तथा बीना मीणा ने विद्यार्थी को इस मुकाम तक लाने में उचित और अथक प्रयास कियाद्यसोनू सैनी ने बताया बातचीत में बताया कि विधानसभा में जनप्रतिनिधियों की भांति बैठकर मोक् सत्र में भाग लिया और लोकतांत्रिक प्रतिक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया।विधानसभा मोक्ष सत्र के दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी मौजूद रहे।विद्यालय परिवार ने बताया की ऐसे ग्रामीण प्रवेश से विद्यार्थियों ने विधानसभा में जो अपना हौसला और जज्बा रखते हुए भाषण प्रस्तुत किया जिस पर पूरे गांव में खुशी का माहौल है और सोनू सैनी के विद्यालय आने पर सभा में प्रधानाचार्य के सानिध्य में विद्यालय में परिवार की उपस्थिति और पनवाड़ प्रशासक सत्यनारायण माली एवं जनप्रतिनिधि एसडीएमसी सदस्यों की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा।

# ऊसराहार में धोखाधड़ी व जालसाजी में प्रधान, सचिव, वीएलओ समेत 11 पर मुकदमा दर्ज

स्मार्ट हलचल| इटावा

अलग अलग ग्राम पंचायतो मे फ़र्जी दस्ताबेजो के सहारे परिवार रजिस्टर मे नाम दर्ज करवा कर ग्राम प्रधान बनने एंव कूटरचित दस्तावेज़ के सहारे एक ग्राम पंचायत मे ग्राम प्रधान होने के बाद भी धोखाधडी कर दूसरी ग्राम पंचायत मे अपना परिवार दर्ज कराने के मामले में पिता पुत्र भाई वहन पति पत्नी सहित ग्यारह लोगो पर धोखाधडी व जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया गया है जिनमे दो पंचायत सचिव चार बीएलओ एंव दो ग्राम प्रधान व एक पूर्व प्रधान शामिल है आरोप है कि वर्ष 2021 मे हुए पंचायत चुनाव मे पिता पुत्र और बेटी अलग अलग तीन ग्राम पंचायतों से चुनाव लड़े थे पूरे मामले मे भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने जगह जगह शिकायते की थी उनकी ही तहरीर पर ऊसराहार पुलिस ने अब मुकदमा दर्ज किया है पूरे परिवार पर फ़र्जी तरीके से अलग अलग ग्राम पंचायतो मे समय समय पर परिवार रजिस्टर मे नाम दर्ज कराने का आरोप है।

विकास खण्ड ताखा की कुदरैल ग्राम पंचायत से अब नया मामला सामने आया है कुदरैल ग्राम पंचायत मे जिलेदार सिंह ग्राम प्रधान है उनके पुत्र संजीव नगरिया खनाबांध से ग्राम प्रधान है कुछ दिन पहले ही संजीव कुमार ने भी अपना नाम कुदरैल ग्राम पंचायत मे दर्ज करा लिया जबकि वह बर्तमान मे दूसरी ग्राम पंचायत से ग्राम प्रधान थे संजीव के नाम दर्ज होने पर शिकायतों का दौर शुरू हुआ कई जांचे हुई जांच के बाद संजीव कुमार का नाम कुदरैल ग्राम पंचायत से काट दिया गया जिसके बाद कुदरैल ग्राम पंचायत मे रहने वाले भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक नंदन जाटव ने एसएसपी ब्रजेश कुमार को तहरीर देकर मुकद्मा दर्ज कराने की मांग की सोमवार को ऊसराहार पुलिस ने कुदरैल के ग्राम प्रधान जिलेदार सिंह उनकी पत्नी रामवेटी उनके पुत्र नगरिया खनाबांध के ग्राम प्रधान संजीव कुमार व उनकी पत्नी एंव हरकुंजल पुर ग्राम पंचायत की पूर्व प्रधान विनीता एंव बम्हनीपुर ग्राम पंचायत से चुनाव लडने वाली जिलेदार की पुत्री उमाकांती नगरिया खनाबांध की बीएलओ मनोज कुमारी एंव पूनम कुदरैल के बीएलओ हरेन्द्र कुमार एंव तत्कालीन बीएलओ मयंका सिंह नगरिया खनाबांध के पंचायत सचिव विजेंद्र सिंह कुदरैल के तत्कालीन सचिव धीरेंद्र कुमार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक नंदन जाटव ने बताया जिलेदार सिंह व उनका पुत्र संजीव अलग अलग ग्राम पंचायतो मे प्रधान बनने के लिए कूटरचित दस्तावेज़ो के सहारे अपना वोट व परिवार रजिस्टर मे नाम दर्ज करा लेता है बर्तमान मे जिलेदार व उसके पुत्र ने ऊसराहार इटावा जयपुर कानपुर एंव कुदरैल व नगरिया खनाबांध मे अपने मकान बना रखे हैं जबकि 35 वर्षो से इनका निवास ऊसराहार मे है इसके बाद भी संजीव कुमार नगरिया खनाबांध से प्रधान है जबकि पिता जिलेदार कुदरैल ग्राम पंचायत से प्रधान है संजीव की पत्नी विनीता वर्ष 2015 मे हरकुंजल पुर ग्राम पंचायत से प्रधान रह चुकी है इनके परिवार रजिस्टर को समय समय पर धोखाधडी कर प्रधानी का चुनाव लडने के लिए बदला जाता रहा है।

सबसे पहले परिवार नगरिया खनाबांध ग्राम पंचायत मे दर्ज था उसके बाद परिवार के सदस्यों के नाम ग्राम पंचायत मोहरी फिर बम्हनीपुर उसके बाद नगरिया खनाबांध ग्राम पंचायत हरकुंजल पुर और ग्राम पंचायत कुदरैल के परिवार रजिस्टर मे दर्ज किए गए लगातार पंचायतो मे हेरफेर कर परिवार रजिस्टर को बदलने की शिकायत उन्होंने डीपीआरओ व खंड विकास अधिकारी से भी की थी जांच के दौरान पाया गया कि संजीव की पत्नी विनीता व जिलेदार की पत्नी रामवेटी ने अलग अलग शपथ पत्र फर्जी तरीके से परिवार को एक ग्राम पंचायत से हटाकर दूसरी ग्राम पंचायत मे दर्ज कराने के लिए दिया जांच मे बर्तमान ग्राम प्रधान संजीव कुमार का नाम भी कुदरैल ग्राम पंचायत के परिवार रजिस्टर से काट दिया गया है दीपक नंदन ने बताया समय समय पर अपने बोट को एक ग्राम पंचायत से दूसरी ग्राम पंचायत मे पहुचाने एंव बिना जांच किए एंव खुली बैठक के बिना पंचायत सचिव ने एक पंचायत से दूसरी पंचायत के परिवार रजिस्टर मे नाम दर्ज कराने मे मदद की है इस प्रकरण मे चार बीएलओ एंव दो पंचायत सचिवो ने इस पूरे धोखाधडी के प्रकरण मे मदद की है जिनके विरूद्ध भी कार्यवाही होनी चाहिए।

उन्होंने बताया 2021 मे एक ही परिवार के तीन सदस्यों मे जिलेदार सिंह ने ग्राम पंचायत कुदरैल से उनके बेटे संजीव कुमार ने ग्राम पंचायत नगरिया खनाबांध से उनकी बेटी उमाकांती ने ग्राम पंचायत बम्हनीपुर से प्रधान पद के लिए अलग अलग तीन पंचायतो से चुनाव लडा है।

दीपक नंदन की तहरीर पर ऊसराहार पुलिस ने धोखाधडी की धारा 420.467.468.471 एंव 120 बी की संगीन धाराओं मे अभियोग पंजीक्रत किया है थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है वही इस संबध मे ग्राम प्रधान संजीव कुमार ने बताया जिस ग्राम पंचायत मे उनका परिवार रह रहा है उस ग्राम पंचायत मे नाम जोडने के लिए नियमानुसार आवेदन किया गया समित भी बनाई गई जिसकी रिपोर्ट पर नाम दर्ज किया गया था परिवार के सदस्य अलग अलग पंचायतो मे रह सकते हैं।

# एसपी ने सुनी आमजन की समस्याएं, नारायणपुर थाने का किया निरीक्षण



स्मार्ट हलचल| बानसूर

कोटपुतली-बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई ने सोमवार देर शाम नारायणपुर थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस मित्रों और व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान बानसूर डीएसपी मेघा गोयल और थाना प्रभारी रोहिताश कुमार भी मौजूद रहे।एसपी विश्नोई ने इस अवसर पर पुलिस सुरक्षा सखी और सीएलजी सदस्यों के बीच समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने सीसीटीवी लगाने की आवश्यकता पर बल दिया और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएलजी सदस्यों की बैठक में बढ़ते अपराधों, झगड़ों और डोल विवाद जैसी घटनाओं पर चर्चा हुई। एसपी ने सुझाव दिया कि ग्रामीण इलाकों में आपसी विवाद और छोटी समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जाना चाहिए। उन्होंने पुलिस की कम नफरी का जिक्र करते हुए सीएलजी सदस्यों से पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया, जिससे पुलिस को मजबूती मिलेगी। विश्नोई ने नागरिकों को अपने कर्तव्यों और अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला और दुपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने का आग्रह किया। इस मौके पर देशराज शर्मा, श्याम सिंह तंवर, मोहनलाल वर्मा, राजेंद्र प्रसाद रैगर, जयराम सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप सैनी, जले सिंह मीणा, ललित सैनी, रोशन सैनी, कमलेश चौहान, राजू प्रजापत, मुकेश सिंघल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस की सक्रियता के बाद भी कानपुर में बेलगाम चोरी की घटनाएं

स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** पुलिस की लगातार कथित सक्रियता के बाद भी जिले भर में चोरी की घटनाएं बेलगाम हो चली हैं। मतलब ऐसा कोई दिन नहीं जाता, जिस दिन विभिन्न थाना क्षेत्रों में तकरीबन 1 दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं ना होती हों। इनमें सबसे ज्यादा प्रभावित नौबस्ता गोविंद नगर, चकेरी, कल्याणपुर, सचेंडी, घाटमपुर , गुजैनी आदि थाना क्षेत्र हैं। जिससे लोगों में पुलिस के खिलाफ जबरदस्त रोष भी व्याप्त है।

याद रहे कि कई साल पहले घरों में आए दिन बड़ी संख्या में हो रही चोरी की वारदातों सेवा : परेशान पुलिस ने खाली घरों की रखवाली करने का भी निर्णय लिया था ,जिसके तहत वह गृह स्वामी के बाहर जाने की दशा में इसकी सूचना देने के बाद उसके घर की रखवाली भी करती थी।

इसके लिए लोगों को चोरी की घटनाओं से बचने के लिए घर बंद कर बाहर जाने से पहले थाने में सूचना भी देनी होती थी जिसके आधार पर पेट्रोलिंग टीम उस घर पर विशेष निगरानी रखी जाती थी।

दूसरे के साथ कड़ाके की ठंड में चोरी की घटनाओं से बचाव के लिए पुलिस ने उस समय जो योजना बनाई थी,उसके मुताबिक रात में एक से सुबह सात बजे तक गश्त पुलिसकर्मी करते थी। जो कि लगभग अब भी की जाती है।

जबकि पहले रात में गश्त के लिए प्रत्येक थाना स्तर पर 5 पुलिस कर्मियों की विशेष टीमें बनायी गयीं थी। कुल मिला कर लगातार हो रहीं चोरी की घटनाएं पुलिस की नींद हराम भी हराम किए है। वह चोरों की तलाश में भी लगातार जुटी हुए है, लेकिन अब तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं हो पाया है।

# वर्ष 2025 के प्रतिष्ठित 'राष्ट्रीय मरू रत्न पुरस्कारों' की घोषणा

## उदयपुर के संदीप राठौड़ एवं डॉ. डॉली मोगरा को लाइफ टाइम मरू रत्न सम्मान

स्मार्ट हलचल| जोधपुर

मरु पर्यावरण संरक्षण संस्थान (डेको), जोधपुर द्वारा प्रतिवर्ष पर्यावरण संरक्षण, समाज सेवा एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को प्रदान किए जाने वाले वर्ष 2025 के राजस्थान के प्रतिष्ठित 'राष्ट्रीय मरू रत्न पुरस्कारों' की घोषणा कर दी गई है।

संस्थान के अध्यक्ष डॉ. एस.एल. हर्ष ने बताया कि चयन समिति की अनुशंसा पर इस वर्ष उदयपुर के सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर एवं पर्यावरण प्रेमी संदीप राठौड़ तथा डॉ.डॉली मोगरा, प्रभारी विभागाध्यक्ष, फैशन टेक्नोलॉजी एंड डिजाइनिंग विभाग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर को 'लाइफ टाइम मरू रत्न





पुरस्कार' तथा 12 अन्य विभूतियों को मरू रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार वितरण समारोह श्री पुष्टिकर पुरोहित सूरजराम रूपादेवी स्मृति महिला महाविद्यालय, जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में 3 जनवरी 2026 को दोपहर 1 बजे से पुष्टिकर महिला महाविद्यालय, जोधपुर के सभागार में आयोजित किया जाएगा।

महाविद्यालय के सचिव ओम प्रकाश लोहरा ने बताया कि इसी समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित करने वाली अन्य विभूतियों को भी मरू रत्न सम्मान प्रदान किया जाएगा। इसके अंतर्गत इंदर राज जाट, संस्थापक एवं निदेशक, जीडब्ल्यूएफ, चोमू (जयपुर), सीमा सैनी, निदेशक, जीडब्ल्यूएफ, केकड़ी (अजमेर), गुनिशिन कौर बोहरा, गुरुग्राम (हरियाणा), डॉ. महेश चन्द्र शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार उदय पुरोहित, अधिवक्ता व मृत्युंजय संस्थान के सचिव प्रमेन्द्र बोहरा, सूर्यांश सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास संस्थान के चेतन प्रकाश सेन, कृषि विशेषज्ञ राजेन्द्र प्रसाद व्यास, दी रॉयल सोसाइटी के अधिवक्ता कपिल बोहरा, कैलाश की करुणा संस्थान के राजू व्यास, प्रोफेसर एस के पुरोहित तथा डॉ. अजय पाल सिंह को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

यह समारोह समाज, पर्यावरण, शिक्षा, पत्रकारिता एवं कृषि जैसे विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित करने का सशक्त मंच होगा। समारोह में कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व और विषय विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे।

# आरोग्य शिविर में 1481 मरीजों ने करवाई स्वास्थ्य जांच



स्मार्ट हलचल| बानसूर

कस्बें उप जिला अस्पताल में प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 148 1 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश यादव ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विगत दो वर्षों में किए गए कार्यों की जानकारी भी दी गई। शिविर के दौरान बीपी, शुगर, ईएनटी, टीबी, कैंसर, शिशु रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग और हड्डी रोग जैसी विभिन्न बीमारियों की जांच की गई। इसके अतिरिक्त, महिला स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण से संबंधित परामर्श भी प्रदान किया गया, साथ ही बच्चों का टीकाकरण भी किया गया। मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान योजना का लाभ सुनिश्चित करने के लिए रोगियों की आभा आईडी भी बनाई गई। यह आईडी मरीजों को एक क्लिक पर अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को चिकित्सकों के साथ साझा करने और देखने में सक्षम बनाएगी। शिविर में स्वैच्छिक रक्तदान के लिए सात दानदाताओं का पंजीकरण किया गया। इस अवसर पर पीएमओ डॉ. राजेश कुमार यादव, डॉ. अरुण शर्मा, नितिन वर्मा, डॉ. मनीषा जोलिया, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. नवीन यादव और डॉ. भूरा सिंह बैंसला सहित अस्पताल के कई स्टाफ कर्मी मौजूद रहें।

# बनारस में 384वें दिन भी बिजली निजीकरण के खिलाफ हुंकार




## जबरन प्रीपेड मीटर पर कानून उल्लंघन का आरोप

स्मार्ट हलचल

**वाराणसी।** पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र बनारस में बिजली निजीकरण के खिलाफ चल रहा आंदोलन आज 384वें दिन भी पूरे जोश के साथ सड़कों पर दिखा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के बैनर तले पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों ने जोरदार प्रदर्शन कर पावर कॉरपोरेशन पर कानून के खुले उल्लंघन का आरोप लगाया।

वक्ताओं ने बताया कि बनारस में अब तक करीब 1,11,000 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें से 59,984 उपभोक्ताओं के मीटर उनकी सहमति के बिना पोस्टपेड से प्रीपेड मोड में बदल दिए गए। संघर्ष समिति का कहना है कि यह विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) और 55(1) का सीधा उल्लंघन है। कानून के मुताबिक स्मार्ट प्रीपेड मीटर केवल उपभोक्ता की लिखित सहमति से या नए कनेक्शन के मामलों में ही लगाए जा सकते हैं।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कार्यशील पुराने मीटरों को जबरन बदलना गैरकानूनी है और स्मार्ट मीटर से इनकार करने पर धारा 56(1) के तहत बिजली काटने की धमकी देना कानून का दुरुपयोग है। संघर्ष समिति ने इसे आम उपभोक्ताओं पर दबाव बनाने की साजिश करार दिया।

वक्ताओं ने केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री द्वारा संसद में दिए गए उस बयान का भी हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि पोस्टपेड व्यवस्था अभी भी डिफॉल्ट मोड में है और बिजली कंपनियों का एटी एंड सी लॉस 27.11 प्रतिशत से घटकर 19.54 प्रतिशत हो गया है। समिति ने मुख्यमंत्री से मांग की कि संसद में दिए गए इस बयान का सम्मान करते हुए जबरन स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने पर तत्काल रोक लगाई जाए और बिजली कंपनियों में सुधार को देखते हुए निजीकरण का प्रस्ताव रद्द किया जाए।

संघर्ष समिति ने ऐलान किया कि निजीकरण के खिलाफ आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। इसके लिए किसान संगठनों और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ मिलकर प्रदेश स्तर पर संयुक्त मोर्चा तैयार किया जाएगा। कर्मचारियों पर हो रही उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयों और जबरन प्रीपेड मीटर थोपने के विरोध में आम उपभोक्ताओं और किसानों को जागरूक करने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।

प्रदेश भर में बिजली पंचायत, बिजली महापंचायत और रैलियों के जरिए आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई है। संघर्ष समिति ने साफ कहा कि जब तक निजीकरण का फैसला वापस नहीं लिया जाता और आंदोलन के दौरान कर्मचारियों पर की गई सभी दमनात्मक कार्रवाइयां समाप्त नहीं होतीं, तब तक यह संघर्ष अनवरत जारी रहेगा। सभा को अंकुर पाण्डेय, आनंद सिंह, राजेश सिंह, रंजीत पटेल, जयप्रकाश, धनपाल सिंह, राजेश पटेल, अजित पटेल, सरोज भूषण, प्रवीण सिंह, देवेंद्र सिंह, अरुण कुमार, रमेश कुमार, नागेंद्र कुमार सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। इस आशय की जानकारी अंकुर पाण्डेय, मीडिया सचिव प्रभारी, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश, वाराणसी ने दी।

# जयशंकर का यूएई दौरा, आर्थिक-रक्षा सहयोग पर हुई सार्थक चर्चा

स्मार्ट हलचल|शाश्वत तिवारी

**अबू धाबी।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ 16वीं संयुक्त आयोग बैठक तथा 5वीं रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी से जुड़े सभी पहलुओं की समीक्षा की और आर्थिक-रक्षा सहयोग सहित भविष्य की प्रमुख प्राथमिकताओं पर सार्थक चर्चा की।

डॉ. जयशंकर ने अपने इस दौरे के दौरान यूएई के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाए तथा कई इवेंट्स में हिस्सा लिया। उन्होंने अपनी यात्रा के प्रथम चरण में सर बानी यस फोरम में भाग लिया, जहां उन्होंने दुनिया के सामने आने वाली प्रमुख भू-राजनीतिक, सुरक्षा और तकनीकी चुनौतियों पर अंतरराष्ट्रीय नेताओं एवं विशेषज्ञों के




साथ विचारों का आदान-प्रदान किया।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा संयुक्त आयोग की बैठक और रणनीतिक संवाद ने भारत-यूएई द्विपक्षीय संबंधों के पूरे दायरे की व्यापक समीक्षा करने का अवसर प्रदान किया, जिसमें व्यापार, निवेश, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, रक्षा, सुरक्षा, विकास साझेदारी, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, संस्कृति, शिक्षा और लोगों के बीच संबंध शामिल हैं। दोनों नेताओं ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी की गहराई और व्यापकता पर संतोष व्यक्त किया। वे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने के लिए आने वाले वर्ष के लिए नई पहलों और कार्रवाई-उन्मुख एजेंडा पर सहमत हुए।

इसके साथ ही दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति सहित आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और समृद्धि की रक्षा और बढ़ावा देने में साझा हित की पुष्टि की। इस संदर्भ में, वे सहयोग और समन्वय को और बढ़ाने पर सहमत हुए। उन्होंने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे के कार्यान्वयन के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि की और ग्लोबल साउथ के लिए भी काम करने पर सहमति जताई।

जयशंकर ने यूएई के उपराष्ट्रपति शेख मंसूर बिन जायद बिन सुल्तान अल नाहयान से मुलाकात कर आर्थिक सहयोग को गहरा करने तथा रक्षा क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने पर भी विशेष चर्चा की। डॉ. जयशंकर ने अबू धाबी सरकार की प्रमुख संप्रभु निवेश कंपनी मुबादला इन्वेस्टमेंट कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी खालदून खलीफा अल मुबारक से भी मुलाकात की और उन्हें भारत में उभरते निवेश अवसरों की जानकारी दी। इसके बाद विदेश मंत्री जयशंकर का मंगलवार को इजरायल का दौरा निर्धारित है, जहां वे पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के अलावा अपने समकक्ष गिदोन सार के साथ द्विपक्षीय बातचीत तथा क्षेत्रीय सुरक्षा एवं स्थिरता पर चर्चा करेंगे।

# प्रचार रथ में नहीं दिख रहा जनता का रुझान



स्मार्ट हलचल| बानसूर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में गांव-गांव प्रचार रथ के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को सरकार का प्रचार रथ बानसूर विधानसभा क्षेत्र के हरसौरा उप तहसील के बस स्टैंड पर पहुंचा।

प्रचार रथ पर लगे एलईडी वाहन के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और बीते दो वर्षों की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। लेकिन हरसौरा बस स्टैंड पर प्रचार रथ के पहुंचने के दौरान सरकार की उपलब्धियों को सुनने के लिए लोगों की उपस्थिति बेहद कम नजर आई। बस स्टैंड जैसे व्यस्त स्थान पर भी लोगों की भीड़ नहीं जुट पाई और वहां मात्र करीब 5 लोग ही मौजूद दिखाई दिए। जब बस स्टैंड पर अपेक्षित संख्या में लोग नहीं पहुंचे, तो प्रचार रथ को अधिकारियों द्वारा हरसौरा उप तहसील कार्यालय के सामने ले जाया गया, ताकि वहां अधिक लोग जुट सकें। हालांकि, उप तहसील कार्यालय के सामने भी स्थिति में खास बदलाव नहीं आया। यहां भी सरकार की उपलब्धियों को सुनने के लिए केवल 5 से 10 लोग ही कुर्सियों पर बैठे नजर आए, जबकि अधिकांश कुर्सियां खाली रहीं। प्रचार रथ के माध्यम से सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, लेकिन हरसौरा में लोगों की कम रुचि और कम उपस्थिति ने अभियान की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रचार कार्यक्रम की जानकारी पहले से पर्याप्त रूप से नहीं दी गई, जिसके चलते लोग समय पर नहीं पहुंच पाए। वहीं कुछ लोगों ने इसे सरकार की नीतियों के प्रति आमजन की उदासीनता से भी जोड़कर देखा। फिलहाल, सरकार की ओर से पूरे प्रदेश में प्रचार रथ यात्रा जारी है, लेकिन हरसौरा का यह नजारा यह संकेत देता है कि केवल प्रचार रथ से ही जनसंपर्क मजबूत करना चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है।

# सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समर्पित-गैना

## प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना रही जिले के दौरे पर, 2 वर्ष कार्यकाल को बताया ऐतिहासिक

स्मार्ट हलचल| हरसौर

जिले के एकदिवसीय दौरे रही नागौर जिला लोकसभा प्रभारी एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सरिता गैना ने कई गाँवों का दौरा किया। गैना का भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। वह राज्य सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुई। कस्बे के बालाजी बस स्टैंड पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष गैना ने कहा कि उनकी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। उन्होंने महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों पर प्रकाश डाला। गैना ने कहा कि सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रयासों के तहत अगले पांच वर्षों में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। सारे प्रयास महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं और समावेशी विकास को आगे बढ़ा रही है। लखपति दीदी योजना पहल के तहत महिलाएं अच्छी आमदनी कमा रही हैं, आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं और गांवों की तरक्की में अहम



भूमिका निभा रही हैं। मोदी सरकार ने नारी शक्ति को राष्ट्रीय प्रगति का आधार बनाया है, जिसके तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, स्वच्छता, वित्तीय समावेशन और नेतृत्व जैसे क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने वाली नीतियां लागू की गई हैं। जैसे-जैसे भारत अमृतकाल की ओर अग्रसर हो रहा है, महिलाएं एक मजबूत और अधिक समावेशी राष्ट्र के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे ऐतिहासिक कानून, जो लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% सीटें आरक्षित करता है, से लेकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और मिशन शक्ति जैसी योजनाओं तक, ध्यान महिला विकास से हटकर महिला-नेतृत्व वाले विकास पर केंद्रित हो गया है। इन पहलों ने शिक्षा (विशेष रूप से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित), उद्यमिता, सार्वजनिक सेवा और यहां तक कि रक्षा क्षेत्र में भी महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है, जिससे समावेशी और सतत विकास को बल मिला है। कांग्रेस शासन में परीक्षाओं के लगभग सभी पेपर लीक होते थे. लेकिन भाजपा सरकार में नकल माफियाओं पर नकेल कसी है। जिससे युवाओं का विश्वास सरकार के प्रति बढ़ा है।

विभिन्न कार्यक्रमों में लिया भाग-लोकसभा प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। ग्राम निम्बड़ी की गौशाला में गौ-पूजन किया। जहाँ जिला परिषद सदस्य मनीष चौधरी की अगवाई में ग्रामीणों ने उनका शॉल ओढ़ाकार स्वागत किया। ग्राम हरसौर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष इकबाल कुरैशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के बाद ग्राम राजलौता में कार्यकर्त्ता सम्मेलन में शामिल हुई। जहाँ महामंत्री श्याम सुन्दर दायमा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने समस्याओ से अवगत कराया। ग्राम भकरी में गौशाला अध्यक्ष शिम्भूसिंह जैतमाल एवं गौरक्षा दल के मुकेश जीनगर के निर्देशन में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्रामीणों ने मुख्य बस स्टैंड पर सड़क निर्माण की मांग रखी। ग्राम बाड़ीघाटी में शंकरलाल बंजारा की अगुवाई में लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान प्रशासक अमरचंद जाजड़ा, दौराई सरपंच हंसराज चौधरी, मण्डल अध्यक्ष अमित आसोपा, थांवला मण्डल अध्यक्ष ब्रजराज सिंह लखावत, बलबीर सिंह गुढ़ा, रामनिवास घासल, अजीत सिंह जोधा, कुलदीप सिंह गोल, महेश काला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com